जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 51 संख्याः 76 प्रभात कोटा, सोमवार 29 दिसम्बर, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## "डार्क प्रिंस" तारिक रहमान की वापसी को काफी संशय से देख रहा है बांग्लादेश

### खालिदा ज़िया 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्र.मंत्री थीं, पर, वास्तव में सरकार चला रहे थे, उनके पुत्र तारिक रहमान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। बांग्लादेश के 'डार्क प्रिंस' तारिक रहमान, जो तीन बार की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के बेटे और उनकी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का मुख्य चेहरा हैं, लगभग 17 साल के स्व-निर्वासन के बाद अपने देश वापस लौटे हैं।

राजनीतिक रॉयल्टी माने जाने वाले 60 वर्षीय रहमान पूर्व राष्ट्रपति ज़िया उर रहमान के बेटे हैं। वे ऐसे समय में देश में लौटे हैं, जब हालात संवेदनशील हैं और जुलाई में हुए हिंसक नागरिक विद्रोह के बाद, बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से उखाड़ फेंका गया और उनकी अवामी लीग सरकार गिरा दी गई है। हसीना अब भारत में निर्वासन में हैं और बांग्लादेश में उन्हें मौत की सज़ा दी गई है।

स्वदेश लौटने पर लाखों लोगों ने रहमान का स्वागत किया, जिनमें से कई तो बड़ी दूर से चलकर आए थे। कुछ ने रात भर ढाका की सड़कों पर झंडे लहराए और 'प्रिंस' का समर्थन करते हुए नारे लगाए। रहमान ने भी, अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता, विख्यात मार्टिन लूथर किंग के "आई हैव अ ड्रीम" (मेरा एक सपना है) भाषण की गूंज के साथ वापसी की और भाषण दिया।

- प्र.मंत्री खालिदा ज़िया, गण भवन (सचिवालय) में बैठती थीं तथा उनसे 6 किलोमीटर दूर हवा भवन में तारिक रहमान का दफ्तर था।
- पर, डिप्लोमैट्स (विदेशी राजदूत) इंटैलिजैंस विभाग के बड़े अफसर व पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, जो अंदर की जानकारी रखते थे, तब भी दबी जुबान में कहने लगे थे कि तारिक रहमान का दफ्तर वाकई में पी.एम.ओ. था।
- 2006 में जब खालिदा ज़िया की सरकार गिरी तो "प्रिंस" के शासन की कहानियां खुलकर बाहर आने लगीं, जैसे शेख हसीना पर ग्रैनेड अटैक की प्लानिंग हवा भवन में हुई थी, प्रिंस पर आसाम के अलगाववादी ग्रुप को हथियार सप्लाई करने का भी खुला आरोप था।
- 2006 से 2008 तक खालिदा ज़िया व शेख हसीना के बीच भारी संघर्ष हुआ, चुनाव कराने के लिए, पर, रज़ामंदी न होने के कारण सेना ने सरकार संभाली। 2007 में तारिक रहमान पर भारी भ्रष्टाचार, अपहरण, मनी लॉण्डरिंग के गंभीर आरोप लगे तथा 17 महीने जेल में रहे।

रहमान बोले, "जैसा कि उन्होंने कहा था, मैं भी कहना चाहता हूं, मेरे पास बांग्लादेश के लिए एक योजना है।" इस प्रकार उन्होंने 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए बीएनपी के अभियान की शुरुआत की। इस चुनाव में उनकी मां और वे, दोनों नामांकन भरेंगे, और यदि बीएनपी जीती तो रहमान अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

तारिक रहमान, असली बॉस हैं और बेशक, सत्ता से अपरिचित नहीं हैं। उनके आलोचकों की मानें तो वे देश चलाने से भी अनजान नहीं हैं।

आलोचक कहते हैं कि 2001 से 2006 तक "डार्क प्रिंस" असल में सत्ता के मालिक थे, जब बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश का गठबंधन सत्ता में था और तब खालिदा ज़िया प्रधानमंत्री के रूप में गणभवन में बैठी थीं।

मां और बेटे के बीच केवल छह किलोमीटर का फासला होता था।

रहमान हवा भवन से काम करते थे, एक दो-मंजिला भवन, जिसे एक वरिष्ठ अधिकारी ने कभी संदिग्ध रुप से 'विंड टनल' के रूप में वर्णित किया था। यह, कागज पर, तो उनका कार्यालय था, पर असल में, यह एक शैडो पीएमओ था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प.बंगाल के विवादास्पद विधायक हुमायूं कबीर का पुत्र गिरफ्तार

कोलकाता, 28 दिसंबर। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिमबंगाल में मुर्शीदाबाद जिले की भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक और तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता हुमायूं कबीर के शक्तिपुर स्थित आवास पर पुलिसिया कार्रवाई से हड़कंप मच गया। आरोप है कि विधायक के सुरक्षाकर्मी (कांस्टेबल) और हुमायूं कबीर के बीच छुट्टी को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद विधायक के बेटे गुलाम नबी आजाद उर्फ सोहेल ने कांस्टेबल के साथ मारपीट की। कांस्टेबल की शिकायत पर पुलिस ने विधायक के घर छापेमारी की और उनके बेटे को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर ली है।

- विधायक पुत्र सोहेल ने सुरक्षाकर्मी कांस्टेबल के साथ मारपीट की, जिसका सीसी टीवी फुटेज पुलिस ने जब्त कर लिया।

हालांकि, हुमायूं कबीर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया कि सुरक्षाकर्मी ने ही उनके साथ दुर्व्यवहार किया था और उनके बेटे ने केवल बचाव में उसे बाहर निकाला था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आरएसएस की तारीफ के बाद दिग्विजय सिंह ने फिर लीपापोती की

### उन्होंने सफाई में कहा कि कांग्रेस एकजुट है, व नेहरु-गांधी परिवार ने दो शहादतें दी हैं

नई दिल्ली, 28 दिसंबर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कांग्रेसकार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक से पहले शनिवार को भाजपा औ आरएसएस की संगठन शक्ति की तारीफ कर नए सियासी बवाल को जन्म दे दिया। इस मामले पर कांग्रेस दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। अब इस पूरे मामले पर दिग्विजय सिंह की ओरसे सफाई दी गई है। कांग्रेस नेता का कहना है कि हम (कांग्रेस) सब एकजुट हैं और मैं फूट डालने की भाजपा की कोशिशों की कड़ी निंदा करता हूं।

उनके बयान पर जारी सियासी घमासान के बीच रविवार को दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और नेहरू-गांधी परिवार ऐसा परिवार है, जिसने देश के लिए दो शहादतें दी हैं। नेहरू-गांधी परिवार के भीतर मतभेद दिखाने की भाजपा की कोशिशों की मैं कड़ी निंदा करता हूं। दिग्विजय सिंह ने आगे कहा- राहुल गांधी ने यह पहल (संगठन को मजबूत करने की) जिला स्तर और उससे नीचे के स्तर से शुरू की है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है, यह जल्द ही पूरी हो जाएगी।

- कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत करने की पहल जिला स्तर व उसके नीचे के स्तर से शुरु की है । इसकी प्रक्रिया चल रही है, व जल्द पूरी हो जायेगी।

दिग्विजय सिंह के हालिया ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि ऐसा कोई सोच ही नहीं सकता कि दिग्विजय सिंह जो कहते हैं, वह कांग्रेस पार्टी के हित में न हो। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ हैं और अगर उन्होंने किसी विशेष भाषा का इस्तेमाल किया है, तो उसके संदर्भ, लक्ष्य और उद्देश्य को समझा जाना चाहिए।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैंने संगठन की तारीफ की है। मैं संघ और मोदी का घोर विरोधी था, घोर विरोधी हूं और रहूंगा। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने संगठन में बदलावों का मुद्दा कार्यसमिति की बैठक में उठाया, दिग्विजय सिंह ने कहा- मुझे जो कहना था, कह दिया। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि क्या संगठन को मजबूत करना या उसकी तारीफ करना, क्या बुरी बात है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर आप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर मेरे कार्यकाल को देखेंगे तो पाएंगे कि मैंने विकेंद्रीकृत तरीके से काम किया। यह मेरा विचार है।

ज्ञातव्य है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर साझा की थी। पीएम मोदी जमीन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस पर तुरंत सियासी हलचलें तेज हो गईं क्योंकि दिग्विजय ने इसमें संगठन की ताकत की तारीफ की थी। उनकी पोस्ट ऐसे समय पर आई जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुरू होने वाली थी।

## कांग्रेस असम में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी- गौरव गोगोई

### प्रदेश अध्यक्ष गोगोई ने कहा कि असम विधानसभा की बाकी 26 सीटें सहयोगियों को दी जाएंगी

तेजपुर (असम), 28 दिसंबर। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले असम विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी सीटें गठबंधन सहयोगियों के लिए छोड़ी जाएंगी। राज्य विधानसभा में कुल 126 सीट हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में एआईयूडीएफ जैसी सांप्रदायिक पार्टी को इस गठबंधन में शामिल नहीं किया जाएगा। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस राज्य की 126 सीटों में से 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी विधानसभा क्षेत्रों को आपसी बातचीत से गठबंधन सहयोगियों के लिए छोड़ा जाएगा।

- गौरव गोगोई ने यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसी भी हालत में एआईयूडीएफ जैसी सांप्रदायिक पार्टी को गठबंधन में शामिल नहीं करेगी।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व में असम के लोगों से छीनी गई गरिमा को वापस दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शांति और एकता में भरोसा रखती है, जबकि भाजपा अशांति और विभाजन की राजनीति करती है। कांग्रेस संविधान में भरोसा रखती है, जबकि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही व्यवस्था स्थापित करना चाहती है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने आरोप लगाया कि भाजपा योजनाबद्ध तरीके से लोगों के अधिकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के कार्यकाल में गरीबों को लाभ मिला था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में लौटती है तो लोगों को वास्तविक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए अलग कानून बनाया जाएगा।

## हिंदू भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम करें- भागवत

हैदराबाद, 28 दिसंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदुओं से अपील की कि वे दुनिया के कल्याण के लिए हिंदू समाज और भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम करें। वे विश्व संघ शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

- उन्होंने हैदराबाद में विश्व संघ शिविर के समापन समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं और स्वयंसेवकों को उदाहरण पेश करना होगा और यह दिखाना होगा कि इंसानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुंबई निगम चुनावः कांग्रेस ने वंचित बहुजन अघाड़ी से गठबंधन किया

### महाराष्ट्र के बाकी 28 नगर निगमों में गठबंधन के बारे में दोनों दलों में वार्ता चल रही है

मुंबई, 28 दिसंबर। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) ने रविवार को औपचारिक गठबंधन की घोषणा कर दी।

इस गठबंधन की घोषणा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और वीबीए नेता धैर्यवर्धन पुंडकर द्वारा संबोधित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गयी। सपकाल ने पुष्टि की कि महाराष्ट्र के बाकी 28 नगर निगमों में गठबंधन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए चर्चा चल रही है।

बीएमसी की 227 सीटों पर हुए सीट-बंटवारे की व्यवस्था के तहत, वीबीए 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मतदान 15 जनवरी को होना है और परिणाम 16 जनवरी को घोषित किए जाएंगे।

- मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की 227 सीटों पर 15 जनवरी को मतदान होगा तथा 16 जनवरी को परिणाम घोषित होंगे।

सपकाल ने कहा कि यह गठबंधन साझा मूल्यों और एक सामान्य वैचारिक आधार पर आधारित है। उन्होंने इस साझेदारी को "स्वाभाविक दोस्ती" बताते हुए कहा कि इस गठबंधन का लक्ष्य संविधान के सिद्धांतों को आगे बढ़ ाना और प्रगतिशील राजनीति की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ भी इसी तरह के गठबंधन बनाने का इरादा रखती है।

यह घोषणा मुंबई में शिवसेना यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बीच हालिया गठबंधन के बाद हुई है।

## पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में कांग्रेस की हार तय है- अमित शाह

नई दिल्ली, 28 दिसंबर। दिग्विजय सिंह के कांग्रेस पार्टी को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमित शाह ने गुजरात में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि राहुल बाबा को समझाने की क्षमता मुझमें भी नहीं है। जिसे अपनी पार्टी वाले नहीं समझा सकते, उसे विपक्ष में कैसे समझा सकते हैं भाई? अमित शाह ने आगे कहा कि राहुल बाबा हार से थकिये मत। आप ये जान लीजिए कि आगामी पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस की हार तय है।

- उन्होंने गुजरात में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि जो जनता को पसंद है, राहुल ने हमेशा उसका विरोध किया है।

अमित शाह ने आगे कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुख्यमंत्री आज विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे

जयपुर, 28 दिसम्बर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जयपुर प्रांत का 61वाँ प्रांत अधिवेशन 29 से 31 दिसंबर तक गुलाबी नगर जयपुर के पूर्णिमा विश्वविद्यालय परिसर में अस्थायी रूप से स्थापित महाराणा प्रताप नगर में आयोजित होगा। इस त्रिदिवसीय अधिवेशन में प्रांतभर से 700 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे,

- जयपुर पूर्णिमा विश्वविद्यालय में हो रहे तीन दिवसीय अधिवेशन में 700 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम रहेंगे। अधिवेशन के मुख्य सभागार का नाम ऑपरेशन सिंदूर में शहीद भारतीय वायुसेना के सार्जैन्ट सुरेंद्र कुमार मोगा के नाम पर रखा गया है।

अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री देवदत्त जोशी, राष्ट्रीय मंत्री हर्षित स्नोमा जी एवं उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्वनी शर्मा पूरे समय उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन का प्रमुख आकर्षण साहस एवं स्वाभिमान की प्रतीक कर्नाटक के उल्लाल राज्य की शासिका वीरांगना रानी अब्बक्का के नाम पर आयोजित भव्य प्रदर्शनी होगी, जिसमें अभाविप के प्रांत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सोनिया गांधी, नेहरू के पत्र व दस्तावेज पीएम संग्रहालय को लौटाएं'

### केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि वे दस्तावेज पूरे देश की विरासत हैं

नई दिल्ली, 28 दिसंबर। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपील की है कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े पत्र और दस्तावेज प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) को वापस लौटाएं। उन्होंने कहा कि ये दस्तावेज किसी एक परिवार या व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे देश की विरासत हैं। शेखावत ने कहा, कि प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना नेहरू जी के निधन के बाद हुई थी। पहले इसे नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) कहा जाता था, जिसे 2023 में बदलकर पीएमएमएल कर दिया गया। इस संग्रहालय में सभी प्रधानमंत्रियों से जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखे जाते हैं।

- शेखावत ने कहा कि 2008 में सोनिया गांधी के पत्र के जवाब में संग्रहालय से नेहरू जी के पत्रों व नोट्स के 26,000 दस्तावेज के 57 कार्टून में उन्हें भेजे थे।

उन्होंने कहा कि 1970 से 1990 के बीच नेहरू जी से जुड़े गैर-सरकारी दस्तावेज, निजी पत्र, उन्हें मिले जवाब और उनकी निजी टिप्पणियां संग्रहालय में सुरक्षित रखी गई थीं। पीएमएमएल में कुल करीब 2.5 करोड़ दस्तावेज हैं, जिनमें से लगभग 4 लाख दस्तावेज केवल पंडित नेहरू से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल 2008 को सोनिया गांधी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि एम. वी. राजन ने पत्र लिखकर नेहरू जी के निजी पारिवारिक पत्र और नोट्स वापस मांगे थे। इसके बाद संग्रहालय से करीब 57 कार्टन, जिनमें लगभग 26000 दस्तावेज थे, परिवार को लौटा दिए गए। मंत्री ने कहा, हमने इन दस्तावेजों को वापस लौटाने का अनुरोध किया है। सोनिया गांधी ने कहा है कि वह इस पर विचार करेंगी। ये दस्तावेज किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हो सकते। मंत्री ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय अभिलेखागार में बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण अभियान शुरू किया है। लाखों फाइलों को डिजिटल रूप में सुरक्षित किया गया है, जो दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटलीकरण परियोजनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि देश में लाखों प्राचीन पांडुलिपियां हैं, कुछ ताड़ के पत्तों, पेड़ की छाल, रेशम और हस्तलिखित कागज पर लिखी गई हैं। इन्हें संरक्षित करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम् मिशन शुरू किया, जिसके तहत इन पांडुलिपियों को डिजिटाइज कर एक पोर्टल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## दिल्ली में फिर प्रदूषण बढ़ा, एक्यूआई 400 के पार गया

नयी दिल्ली, 28 दिसंबर। राजधानी दिल्ली में रविवार को प्रदूषण का स्तर बढ़ने से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में चला गया । इसकी वजह से बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, शहर का कुल एक्यूआई 385 रहा। कई क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा, जिसमें आनंद विहार एक बार फिर 445

- सर्वाधिक प्रदूषण आनंद विहार में 445 पर रिकॉर्ड हुआ।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## म्यांमार के 59 चिन निवासियों ने मिज़ोरम में शरण ली

आइजोल, 28 दिसंबर। म्यांमार के चिन राज्य में हाल के दिनों में हुई हिंसा की घटनाओं के कारण कम से कम 89 चिन निवासी मिजोरम में शरण लेने के लिए मजबूर हुए हैं, जिनमें सैन्य जुंटा द्वारा प्रस्तावित दो चरणों के चुनाव से पहले फलाम टाउनशिप में तीव्र सैन्य अभियानों से बचकर भागे हुए नागरिक भी शामिल हैं।

- म्यांमार के चिन राज्य में पिछले दिनों लगातार हिंसा की घटनाओं के कारण यह पलायन हुआ।

अधिकारियों एवं ग्रामीण नेताओं ने कहा कि पहला समूह में 11 परिवारों के 47 लोगों ने 28 नवंबर से साइखुमफाई गांव के पास तियाऊ नदी को पार किया। वर्तमान में ये लोग गांव के सामुदायिक भवन में शरण लिए हुए हैं।

फलाम टाउनशिप के ह्लुम्हरंग गांव से 42 शरणार्थियों का दूसरा जत्था वाफाई पहुंचा, जहां उन्हें अस्थायी रूप से फियारातुई मिडिल स्कूल की इमारत में शरण दिया गया है।

शरणार्थियों ने कहा कि उनके गांवों पर जेट लड़ाकू विमानों, जायरोकॉप्टरों एवं ड्रोनों द्वारा समन्वित हमले किए गए, जिसके बाद जमीनी सैनिकों ने बस्तियों में प्रवेश किया, संपत्ति लूटी, पालतू जानवरों की हत्या की और घरों में आग लगा दी।

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# दोराहे पर खड़ा है भारतीय मध्यम वर्ग!

भारत की विशाल जनसंख्या और आर्थिक असमानताओं के कारण मध्यम वर्ग की जनसंख्या का अनुमान लगाना चुनौतीपूर्ण है। वैसे, प्यू रिसर्च सेंटर की 2020 की एक रिपोर्ट बताती है कि 2019 में लगभग 6.6 करोड़ भारतीय वैश्विक मध्यम वर्ग में शामिल थे, जो भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 5 प्रतिशत है। लेकिन, यहीं यह बात भी ध्यान में रखी जानी चाहिए कि भारतीय मानकों के अनुसार परिभाषित किए जाने पर भारत में मध्यम वर्ग काफी बड़ा है, और यह देश की अनूठी सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता को दर्शाता है।

मध्य वर्ग की समाजशास्त्रीय अवधारणा दो प्रसिद्ध विचारकों –कार्लमार्क्स और मैक्स वेबर – के सिद्धांतों से प्रभावित हुई मानी जाती है। ये सिद्धांत भारत में मध्यम वर्ग के उदय और विकास का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्लमार्क्स का वर्ग संघर्ष का सिद्धांत मुख्य रूप से समाज को दो विरोधी वर्गों में विभाजित करता है: बुर्जुआ वर्ग (पूंजीपति) और सर्वहारा वर्ग (श्रमिक)। कार्लमार्क्स ने स्पष्ट रूप से मध्यम वर्ग का ज़िक्र नहीं किया है लेकिन हम मान सकते हैं कि वे मध्यम वर्ग को उत्पादन के साधनों के स्वामी पूजीपति वर्ग में शामिल मानते थे। यह देखना बहुत रोचक होगा कि मार्क्स ने भविष्यवाणी की थी कि मध्यम वर्ग अंततः कम होता जाएगा। वहया तो आर्थिक कठिनाइयों के कारण सर्वहारा वर्ग में समाहित हो जाएगा या बढ़ती संपत्ति के कारण उच्च पूंजीपति वर्ग में विलीन हो जाएगा। लेकिन कम से कम भारत में तो ऐसा नहीं हुआ। भारत में लगातार बने रहने वाला और बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग मार्क्स की भविष्यवाणी के विपरीत है। मार्क्स से अलहदा मैक्स वेबर ने वर्ग की अधिक सूक्ष्म समझ प्रस्तुत की जो आर्थिक निर्धारकों से परे है। वेबर के अनुसार, वर्ग एक बहुआयामी संरचना है जिसमें प्रतिष्ठा और शक्ति जैसे कारक शामिल हैं। वेबर के अनुसार, मध्यम वर्ग वे लोग हैं जो उचित स्तर की आर्थिक समृद्धि का आनंद लेते हैं, अपनी पेशेवर भूमिकाओं के माध्यम से कुछ हद तक शक्ति का प्रयोग करते हैं और सामाजिक सम्मान प्राप्त करते हैं। वेबर का दृष्टिकोण भारत में मध्यम वर्ग की विविधता और गतिशीलता को सटीक रूप से दर्शाता है।

स्वतंत्रता के बाद भारतमें अनेक सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तनों से प्रभावित मध्यम वर्ग की विकास यात्रा, अत्यंत रोचक है। स्वतंत्रता के तत्काल बाद के काल में मध्यम वर्ग अपेक्षाकृत सीमित था, जिसमें अधिकतर सरकारी कर्मचारी, पेशेवर और छोटे व्यापारी शामिल थे। इस अवधि के दौरान अपनाई गईआर्थिक नीतियां, जिनमें राज्य का हस्तक्षेप प्रमुख था, मध्यम वर्ग के विकास को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा नहीं दे पाईं। लेकिन 1980 के दशक से स्थिति बदलने लगी। विशेष रूप से उदारीकरण के बाद के युग में, जिसमें मध्यम वर्ग की आबादी में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। अर्थव्यवस्था के उदारीकरण ने सूचना प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे उद्योगों के विकास को गति दी, जिससे रोजगार के प्रचुर अवसर पैदा हुए और परिणामस्वरूप कई लोग मध्यम वर्ग में शामिल हो गए। इधर भारत में एक और अभिव्यक्ति चलन में आई है- नया मध्यम वर्ग। इस अभिव्यक्ति का प्रयोग भारत की नई अर्थव्यवस्था से प्रेरित उभरते मध्यम वर्ग के विभिन्न समूहों का वर्णन करने के लिए किया जाता है। पारंपरिक मध्यम वर्ग, जो मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारियों और पेशेवरों तक सीमित था, के विपरीत, इस नए मध्यम वर्ग में युवा, तकनीक-प्रेमी व्यक्ति और परिवार शामिल हैं जो आईटी, ई-कॉमर्स, मीडिया और वित्त जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत हैं। इस वर्ग की कुछ विशेषताएं इस प्रकार हैं:– इसके पास अधिक खर्च करने योग्य आयहै, इसका डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रति तीव्र झुकाव है, और भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के साथ सम्पर्क के कारण इसका दृष्टिकोण वैश्विक है।

**मार्क्स से अलहदा मैक्स वेबर ने वर्ग की अधिक सूक्ष्म समझ प्रस्तुत की जो आर्थिक निर्धारकों से परे है। वेबर के अनुसार, वर्ग एक बहुआयामी संरचना है जिसमें प्रतिष्ठा औरशक्तिजैसे कारक शामिल हैं। वेबर के अनुसार, मध्यम वर्ग वे लोग हैं जो उचित स्तर की आर्थिक समृद्धि का आनंद लेते हैं, अपनी पेशेवर भूमिकाओं के माध्यम से कुछ हद तक शक्ति का प्रयोग करते हैं और सामाजिक सम्मान प्राप्त करते हैं।**

इधर इस वर्ग की संरचना में कुछ ख़ास बदलाव देखे जा रहे हैं। पहले जहां भारत का मध्यम वर्ग संयम, परिश्रम और संतोष को अपने जीवन का मूल मंत्र मानता था, अब वह आकांक्षा, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता के मकड़जाल में उलझा नज़र आता है। पहले इस मध्यम वर्ग की पहचान सीमित इच्छाओं, सुनिश्चित रोज़गार और धीमी लेकिन स्थिर प्रगति जैसी बातों से थीं। एक सरकारी नौकरी, छोटा-सा घर, बच्चों की शिक्षा और सम्मानजनक सामाजिक हैसियत- जैसे ये ही उसके सपने थे। 1954 की एक फ़िल्म 'नौकरी' में किशोर कुमार का गाया एक गीत जैसे इस वर्ग की पूरी तस्वीर सामने ले आता है:– छोटा-सा घर होगा बादलों की छांव में/ आशा दीवानी मन में बांसुरी बजाय। लेकिन आज का मध्यम वर्ग इससे बहुत आगे निकल चुका है। थोड़ा है, थोड़े की ज़रूरत है अब उसके जीवन का मूल मंत्र नहीं रह गया है। उदारीकरण के बाद वाली पीढ़ी में सपनों को लाइफ़स्टाइल ने और संतोष को कम्पैरिज़न ने विस्थापित कर दिया है। इस वर्ग के पास असीमित आकांक्षाएं हैं और उन्हें पूरी करने के लिए ईएमआई और क्रेडिट कार्ड जैसे जादूगर हैं। सोशल मीडिया और बाज़ार लगातार इस वर्ग की आकांक्षाओं को हवा देते और भड़काते हैं। यह वर्ग संतुष्ट रहने के लिए नहीं, दूसरों से आगे निकलने के लिए व्याकुल रहता है।

भारत सरकार की नीतियों में आए बदलावों की वजह से सरकारी नौकरियां बहुत कम हुई हैं और जो बची हैं उनमें भी सेवा निवृत्ति के बाद की सुरक्षा संबंधी प्रावधान संकुचित हुए हैं। परिणामतः मध्यम वर्ग अब अपनी आजीविका के लिए निजी क्षेत्र का मुखापेक्षी हुआ है। यहां नौकरी का स्थायित्व नहीं है, काम के ज़्यादा घण्टे हैं। उधर सामाजिक सुरक्षा का बदला ढांचा उसे बहुत सारी सरकारी सुविधाओं के लाभ से वंचित रखता है। शिक्षा और चिकित्सा अब पहले से बहुत ज़्यादा महंगी हो गई है। इन सबका परिणाम यह है कि आज के भारतीय मध्यम वर्ग को अधिक तनाव, अवसाद और संघर्ष में जीना पड़ रहा है। इस मध्यम वर्ग की एक और ख़ास विशेषता यह है कि यह राजनीति से विरत होता जा रहा है। नीतिगत मुद्दों और आधारभूत बातों में इसे कोई रुचि नहीं है। इनकी जगह राष्ट्रवाद,धार्मिकता और छद्म नैतिकता के सवाल इसे अधिक विचलित करते हैं और इसकी सारी ऊर्जा इन्हीं हवाई मुद्दों पर खर्च होती है। यह वर्ग पूरा टैक्स चुकाता है लेकिन सरकार से कभी सवाल नहीं करता है कि उसके चुकाए टैक्स का वह किस तरह उपयोग कर रही है या कि सरकार की किसी प्राथमिकता में यह वर्ग क्यों नहीं है। बजाय सवाल करने के, यह जैसे-तैसे गुज़ारा करने की हताश मानसिकता में जीने का अभ्यस्त हो गया है। यह वर्ग असंतुष्ट तो है लेकिन इसका असंतोष कोई सकारात्मक और सक्रियता भरा रूप नहीं ले रहा है।

इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इस वर्ग की नैतिकता अब पूरी तरह अदृश्य हो चुकी है। ईमानदारी अब कोई मूल्य रह ही नहीं गया है। जो वर्ग दूसरों की बेईमानी देख तनिक भी कुपित या विचलित नहीं होता, स्वभावतः उसे ख़ुद ऐसा करने में कोई संकोच नहीं रह गया है। आज एकमात्र मानदण्ड सफलता है, वह चाहे कैसे भी हासिल की जाए। परीक्षाओं के पर्चे खुले आम खरीदे जाते हैं, अपनी जगह दूसरों को परीक्षा दिलवाई जाती है, रिश्वत के पैसों से वैभव पूर्ण ज़िंदगी जी जाती है और विभिन्न अवसरों पर इन अनैतिक तरीकों से अर्जित पूंजी का अश्लील व भोण्डा प्रदर्शन किया जाता है, लेकिन इस सबको देखकर कोई तनिक भी विचलित नहीं होता है।

मुझे यह बात बहुत बुरी लगती है कि आज के मध्यम वर्ग ने अपना नागरिक बोध पूरी तरह तिरोहित कर दिया है। वह केवल अपने लिए जी रहा है। जब देश आज़ाद हुआ तब की युवा पीढ़ी में जो सामूहिकता का भाव था, जो उत्तरदायित्व बोध था वह अब सुलभ नहीं रह गया है। उसे तलाश करना पड़ता है। हममें से हरेक अब केवल और केवल अपने लिए और वर्तमान में जी रहा है। इस समूह को न औरों की परवाह है और न आने वाले कल की।

असल में भारत का मध्यम वर्ग आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसे सफलता और सार्थकता में से किसी एक को चुनना है। उसे यह चुनना है कि वह दूसरों द्वारा इस्तेमाल किया जाता रहेगा या ख़ुद अपनी राह बनाएगा। हो सकता है आज वह जैसे तैसे अर्जित अपने वैभव और सफलता के नशे में चूर हो, लेकिन उसे यह समझना होगा कि इस तरह की सफलता स्थायी नहीं होती है। एक न एक दिन उसका यह भ्रम टूटेगा। लेकिन तब तक पीछे लौटने के रास्ते भी बंद हो चुके होंगे।

यह सही समय है जब भारतीय मध्यम वर्ग अपनी राह चुने। वह अपने अधिकार की मांग करे, जो ग़लत है उसके खिलाफ़ आवाज़ बुलंद करे और जो सही है उसको अपना सक्रिय समर्थन दे!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# क़र्ज़ और संवेदनहीनता: क्या भारत की बैंकिंग व्यवस्था को आत्ममंथन की ज़रूरत है?



सुनील दत्त गोयल

भारत में बैंकिंग व्यवस्था को अक्सर अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। यह वही व्यवस्था है जो उद्योगों को पूँजी देती है, घर बनवाती है, युवाओं को पढ़ने का अवसर देती है और व्यापार को आगे बढ़ाती है। लेकिन आज एक गंभीर सवाल खड़ा हो रहा है – क्या यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है? क्या बैंक अब वित्तपोषक कम और दंडाधिकारी अधिक बनते जा रहे हैं?

प्रोजेक्ट फाइनेंस नहीं, केवल मॉर्टगेज का राज

भारत में चाहे हाउसिंग लोन हो, एमएसएमई लोन, फैक्ट्री प्रोजेक्ट या किसी संस्था को दिया गया ऋण – लगभग हर जगह एक ही मॉडल चलता है: मॉर्टगेज-आधारित लोन।

यहाँ प्रोजेक्ट की व्यवहारिकता, भविष्य की नकदी प्रवाह (cash flow) या कारोबारी संभावना से ज़्यादा महत्व इस बात को दिया जाता है कि गिरवी क्या है?

परिणाम यह होता है कि –

ज़मीन गिरवी, उस पर बनने वाला भवन गिरवी, मशीनरी गिरवी, डायरेक्टर या प्रमोटर की पर्सनल गारंटी, और अक्सर उसका निजी मकान भी। बैंक और वित्तीय संस्थानों का रवैया कई बार ऐसा प्रतीत होता है मानो वे कर्ज़ देने नहीं, बल्कि भविष्य के कब्ज़े की तैयारी कर रहे हों।

हाउसिंग लोन: सबसे सुरक्षित, फिर भी सबसे कठोर रवैया।

यदि हाउसिंग लोन की बात करें, तो यह बैंक के लिए सबसे सुरक्षित ऋणों में से एक है। आम तौर पर बैंक 20-30 प्रतिशत का मार्जिन रखता है। यानी 50 लाख का लोन देने पर संपत्ति की कीमत लगभग 70 लाख होती है। इसके बाद हर ईएमआई के साथ बैंक का जोखिम और घटता जाता है।

इसके अलावा, भारत में स्थायी संपत्ति का मूल्य समय के साथ बढ़ता ही है। ऐसे में अगर कोई कर्ज़दार 15-20 किस्तें चुका चुका हो और फिर किसी कारणवश 2-3 ईएमआई में चूक हो जाए, तो यह मान लेना कि बैंक को भारी नुकसान हो गया – यह तर्कसंगत नहीं लगता।

रिकवरी एजेंट या भय का उद्योग?

यहीं से शुरू होता है बैंकिंग व्यवस्था का सबसे डरावना चेहरा।

डिफॉल्ट होते ही कई बैंकों और NBFCs का ध्यान समाधान पर नहीं, बल्कि रिकवरी एजेंटों पर चला जाता है। इन एजेंटों की कार्यप्रणाली कई बार कानून से ज़्यादा डर पर आधारित होती है।

फोन पर धमकियाँ, घर और कार्यस्थल पर दबाव, परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना, सामाजिक बदनामी का भय।

यह सब उस व्यक्ति के साथ किया जाता है जिसने पहले ही अपनी 20-30 प्रतिशत पूँजी लगा रखी है और जो अक्सर किसी अस्थायी संकट से गुजर रहा होता है।

**पैसा वसूल लिया, फिर क्या?**

मान लीजिए बैंक ने किसी व्यक्ति को पूरी तरह तोड़कर, उसकी फैक्ट्री बंद करवा कर या उसे बेघर करके पैसा वसूल भी कर लिया – तो इसके बाद क्या?

वही पैसा फिर किसी और को कर्ज़ के रूप में दिया जाएगा। वहाँ भी 100 में से 5-15 लोग डिफॉल्ट करेंगे। फिर वही प्रक्रिया, वही दबाव, वही भय।

–यह एक अनंत चक्र है, जो न बैंकिंग व्यवस्था को मज़बूत करता है, न समाज को।

–कर्ज़ अपराध नहीं, व्यापारिक जोखिम है। आज भी हमारे बैंक यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि कर्ज़ लेना कोई अपराध नहीं है। यह एक व्यापारिक लेन-देन है, जिसमें जोखिम दोनों तरफ होता है। अगर किसी की नौकरी चली गई, व्यापार में घाटा हो गया या आर्थिक मंदी आ गई – तो इसका मतलब यह नहीं कि वह व्यक्ति अपराधी बन गया। अक्सर ऐसे लोग कुछ समय में दोबारा खड़े हो जाते हैं। यही वह समय होता है जब बैंकों को साझेदार की तरह व्यवहार करना चाहिए, न कि सज़ा देने वाले की तरह।

70 प्रतिशत बैंक का पैसा, फिर इतनी घबराहट क्यों?

एक साधारण गणित है – अधिकांश मामलों में कर्ज़दार पहले ही 20-30 प्रतिशत योगदान कर चुका होता है। शेष 70-80 प्रतिशत बैंक का पैसा होता है। अगर बैंक वास्तव में अपने पैसे को सुरक्षित रखना चाहता है, तो सबसे समझदारी भरा तरीका यही है कि कर्ज़दार को सहारा दिया जाए, न कि उसे तोड़ा जाए।

लोन रिस्ट्रक्चरिंग, ईएमआई रीशेड्यूलिंग, अस्थायी राहत या ठोस पीरियड

ये सब कोई दया नहीं, बल्कि व्यावसायिक बुद्धिमत्ता है।

रिकवरी विज्ञापन: आर्थिक विवेकहीनता

अख़बारों में अक्सर यह दृश्य देखने को मिलता है कि 2-3 लाख के डिफॉल्ट लोन के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अख़बारों में महंगे विज्ञापन दिए जाते हैं। कई बार वकीलों की फीस, नोटिस और विज्ञापन पर 40-50 हजार तक खर्च हो जाता है।

सवाल यह है – क्या बैंक पैसा वसूलने निकले हैं या पैसा खर्च करने?

सरकार को यहाँ स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि रिकवरी पर होने वाला खर्च बकाया राशि के एक सीमित प्रतिशत से अधिक कर्ज़दार पर न डाला जाए।

एजुकेशन लोन: नीति और व्यवहार के बीच खाई

यह देश का दुर्भाग्य है कि जहाँ होम लोन और ऑटोमोबाइल लोन अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों पर उपलब्ध हैं, वहीं शिक्षा जैसे सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए लिया जाने वाला एजुकेशन लोन सबसे महँगा बना दिया गया है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य यह रहा है कि कोई भी योग्य छात्र केवल पैसों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रह जाए। इसी उद्देश्य से सरकार एजुकेशन लोन पर कई प्रकार की राहत और सब्सिडी प्रदान करती है।

सरकार द्वारा एजुकेशन लोन पर आयकर अधिनियम की धारा 80ई के तहत ब्याज पर टैक्स छूट दी जाती है, ताकि पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्र पर वित्तीय बोझ कम रहे। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए ब्याज सब्सिडी योजनाएँ चलाई जाती हैं, जिनमें पढ़ाई की अवधि और मोराटोरियम पीरियड के दौरान ब्याज सरकार वहन करती है। कई योजनाओं में बिना कोलैटरल एक निश्चित सीमा तक लोन देने की भी नीति बनाई गई है, ताकि सामान्य परिवारों के बच्चों को अवसर मिल सके।

लेकिन दुर्भाग्य यह है कि बैंकों ने इन सरकारी रियायतों को छात्रों तक पहुँचाने के बजाय, अपने ब्याज दरों में जोड़कर मुनाफ़े का माध्यम बना लिया है। बैंक यह तर्क देते हैं कि चूँकि छात्र को आयकर में छूट मिलती है, इसलिए ऊँची ब्याज दर भी व्यवहारिक है। हकीकत यह है कि सरकार ने जो राहत छात्र को देने के लिए बनाई थी, उसका वास्तविक लाभ छात्र को मिलने के बजाय बैंक की बैलेंस शीट में चला जाता है। लेकिन वास्तविकता बिल्कुल उलट है।

आज भारत में – एजुकेशन लोन की ब्याज दर बहुत अधिक है। कई मामलों में 10 से 16 प्रतिशत तक विडंबना यह है कि हाउसिंग लोन सस्ता है, लेकिन शिक्षा महंगी।

टैक्स छूट का बैंकिंग दुरुपयोग

बैंकों का तर्क होता है कि एजुकेशन लोन पर आयकर में छूट मिलती है। लेकिन यह छूट सरकार ने छात्र को दी है, बैंकों को नहीं।

बैंक उसी छूट को आधार बनाकर ब्याज दरें बढ़ा देते हैं, जिससे छात्र को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलता। यदि एजुकेशन लोन हाउसिंग लोन जैसी दरों पर मिले, तभी टैक्स छूट का असली फायदा छात्र तक पहुँचेगा।

**बिना कोलैटरल एजुकेशन लोन: सिर्फ़ काग़ज़ों में**

तेलंगाना के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक टी. हरीश राव का हालिया उदाहरण इस व्यवस्था की कठोर सच्चाई को उजागर करता है। सिद्दीपेट की एक होनहार छात्रा कोंका ममता, जिसे एमबीबीएस के बाद महबूबनगर स्थित एसवीएस मेडिकल कॉलेज में पीजी (ऑफ्थैल्मोलॉजी) में प्रवेश मिला था, जब एजुकेशन लोन के लिए बैंक पहुँची, तो बैंक ने उससे संपत्ति गिरवी रखने की शर्त रख दी। छात्रा के पिता रामचंद्रम, जो पेशे से दर्जी हैं, के पास गिरवी रखने के लिए कोई संपत्ति नहीं थी। ऐसी स्थिति में पूर्व मंत्री टी. हरीश राव को न केवल हस्तक्षेप करना पड़ा, बल्कि बैंक से लोन स्वीकृत कराने के लिए अपना सिद्दीपेट स्थित निजी मकान ही गिरवी रखना पड़ा। यदि एक पूर्व मंत्री और विधायक को भी शिक्षा के लिए लोन दिलाने हेतु यह असाधारण कदम उठाना पड़े, तो यह सहज ही समझा जा सकता है कि एक आम नागरिक के लिए एजुकेशन लोन प्राप्त करना कितना विकट, अपमानजनक और लगभग असंभव हो गया है। यह घटना किसी एक परिवार की मजबूरी नहीं, बल्कि देश की एजुकेशन लोन नीति और बैंकिंग मानसिकता पर एक गहरा प्रश्नचिह्न है।

व्यवहार में 30-50 लाख का एजुकेशन लोन बिना कोलैटरल मिलना लगभग असंभव है।

अगर माता-पिता सरकारी कर्मचारी हैं, तो सैलरी या पेंशन के खिलाफ लोन मिल जाता है। लेकिन व्यापारी या सामान्य नागरिक के लिए मकान या अन्य संपत्ति गिरवी रखना लगभग अनिवार्य है।

यह वही मॉर्टगेज मानसिकता है, जिसने पूरी बैंकिंग व्यवस्था को जकड़ रखा है।

आरबीआई और सरकार की चुप्पी

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सरकार और दोनों को इन तथ्यों की जानकारी है। इसके बावजूद एजुकेशन लोन की ऊँची दरों और कठोर शर्तों पर कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं दिखाई देता।

**शिक्षा व्यापार नहीं, राष्ट्र निर्माण का निवेश है**

शिक्षा कोई उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य में निवेश है।

आज जिस छात्र को महंगे ब्याज और गिरवी की शर्तों में जकड़ा जा रहा है, वही कल करदाता, उद्यमी और रोजगारदाता बनेगा। यदि एजुकेशन लोन भी हाउसिंग लोन या ऑटो लोन की तरह कम ब्याज दरों पर दिया जाए, तभी सरकार द्वारा दी गई टैक्स छूट और ब्याज सब्सिडी का वास्तविक और नैतिक लाभ छात्रों और उनके परिवारों तक पहुँचेगा। अन्यथा यह पूरी व्यवस्था शिक्षा को प्रोत्साहन देने के बजाय, उसे और महँगा तथा डरावना बनाने का माध्यम बन जाती है।

निष्कर्ष: बैंकिंग को डर से नहीं, विवेक से चलाना होगा। भारत की बैंकिंग व्यवस्था को अब आत्ममंथन करना होगा। कर्ज़दार को दुश्मन नहीं, भागीदार मानना होगा। रिकवरी की जगह समाधान, और डर की जगह भरोसे को प्राथमिकता देनी होगी। क्योंकि मज़बूत बैंकिंग व्यवस्था वही होती है, जो केवल पैसा नहीं गिनती – भविष्य भी बनाती है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

# "घूमर" लोकनृत्य ने शिल्पग्राम उत्सव में दर्शकों का मन मोहा





**शिल्पग्राम उत्सव में मुक्ताकाशी मंच पर लोकनृत्य घूमर सहित कई राज्यों के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।**

**■ मुक्ताकाशी मंच पर कई राज्यों की लोक संस्कृति की झलक देख दर्शक हुए अभिभूत**

**उदयपुर,** (निसं)। जब बनी-ठनी महिलाओं ने गोल घेरे में घूमते हुए घेरदार, रंग-बिरंगे और भारी घाघरे से नयनाभिराम घेरा बनाया तो दर्शकों ने तालियों से शिल्पग्राम को गूंजा दिया। इसमें सजी-धजी महिलाओं की लयकारी, भाव-भंगिमाएं और तालबद्धता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह लोकनृत्य घूमर किशनगढ़ (राजस्थान) किशनगढ़ की प्रसिद्ध बणी-ठणी चित्रकला शैली से जुड़ी है, जो अपने सौंदर्य और कला के लिए दुनिया भर में मशहूर है और महाराजा सावंत सिंह (नागरीदास) के समय में विकसित हुई। सर्वविदित है कि 'घूमर' राजस्थान की लोक संस्कृति का अहम हिस्सा है और अक्सर त्योहारों और समारोहों में किया जाता है। रविवार की शाम इस लोकनृत्य की प्रस्तुति ने खचाखच भरे मुक्ताकाशी मंच का मन मोह लिया। तमाम दर्शकों ने झूमते हुए नर्तकियों के कौशल को खूब सराहा। इसके साथ ही राजस्थान के ही लोकनृत्य तेराताली में नर्तकियों ने ताल दी तो दर्शकों ने खुलकर दादा दी। यह प्रदेश की कामड़ जाति का विशेष और एकमात्र लोकनृत्य है, जो बैठकर किया जाता है, फिर भी दर्शकों का मन मोह लेता है। इसमें नर्तकियों ने मुंह में कटार दबा सिर पर कलश रखकर नृत्य किया तो दर्शकों ने तालियों से शिल्पग्राम को गूंजा दिया।

इनके साथ ही पश्चिम बंगाल के राय बेंसे में एक्रोबेटिक करतब, महाराष्ट्र के लावणी लोक नृत्य में नर्तकियों के शृंगार व अदाकारी, राजस्थान के कालबेलिया डांस में नर्तकियों के करतबों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ डांस में शास्त्रीय के साथ मार्शल आर्ट के खूबसूरत सम्मिश्रण के साथ ही सिद्धि धमाल की पेशकश ने दर्शकों को दांतों तले अंगुली दबाने को विवश कर दिया।

राजस्थान के मेवात क्षेत्र के भपंग वादन से लोक कलाकार श्रोताओं के दिलों के तारों को झंकृत कर दिया। वहीं, उत्तराखंड के मीठी छेड़छाड़ वाले छापेली लोक नृत्य ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया, तो असम का बिहू डांस भी दर्शकों को खूब भाया। इनके साथ ही मणिपुर की नृत्य शैली के साथ मार्शल आर्ट के अनूठे संगम वाले थांग-ता स्टिक डांस ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। वहीं, मस्ती के लिए पहचाने जाने वाले पंजाब का भांगड़ा डांस पर दर्शक अपनी जगह पर झूमने लगे। सिंघी छम, कर्ण ढोल और ब्रज के मयूर नृत्य की प्रस्तुतियां ने भी दर्शकों को खूब रिझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहिता दीक्षित और माधुरी शर्मा ने किया। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व मुक्ताकाशी मंच पर सुंदरी वादन, कुच्छी भजन और भवई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा।

शिल्पग्राम के बंजारा मंच पर चल रहे 'हिवड़ा री हूक' कार्यक्रम के रविवार को भी हर उम्र के मेलार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इसमें मेलार्थियों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक सौरभ भट्ट ने प्रश्नोत्तरी से कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। क्विज में सही उत्तर देने वालों को हाथों-हाथ उपहार भी दिए जा रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 29 दिसम्बर, 2025**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, रेवती नक्षत्र प्रातः 7:41 तक, परिध योग प्रातः 7:36 तक, कौलव करण दिन 10:13 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 7:41 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरू-मिथुन, शुक्र-धनु, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग प्रातः 7:41 से आरम्भ होगा। आज बुध धनु राशि में प्रातः 7:13 पर प्रवेश करेगा। बुध अस्त पूर्व रात्रि 1:30 पर होगा। पंचक प्रातः 7:41 पर समाप्त होंगे। आज श्री हरि जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:36 तक, शुभ 9:54 से 11:11 तक, चर 1:46 से 3:04 तक, लाभ-अमृत 3:04 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:38 तक

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है और आपसी अनबन का भय है। आज मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से संपर्क बनेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

## सार-समाचार

### युवक-युवति परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। भारत की प्राचीन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में कायस्थ समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज की युवा पीढ़ी आज भी सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए अपनी बुद्धि, कौशल, कर्म और ज्ञान के बल पर देश की प्रगति में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। यह विचार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोटा, कायस्थ समाज कोटा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। महावीर नगर विस्तार योजना स्थित एबीएस परिसर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया तक कायस्थ समाज की भूमिका सदैव सराहनीय रही है। समाज ने राजनीति, शिक्षा, प्रशासन, आध्यात्म, कला, साहित्य, खेल सहित अनेक क्षेत्रों में देश को ऐसी विभूतियां दी हैं, जिन्होंने भारत का नाम गौरवान्वित किया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया संयोजक तथा कार्यक्रम आयोजक कुलदीप माथुर ने बताया कि रविवार को प्रात: 11 बजे आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में 1100 से अधिक युवक-युवतियों का पंजीयन हुआ, जबकि 51 गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पंकज मेहता सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की स्मारिका "कायस्थ बंधन" का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप माथुर एवं अतिथियों द्वारा किया गया। कायस्थ समाज की ओर से 21 किलो की माला पहनाकर लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा टेक्नो की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन अपना ब्लड सेंटर पर किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया। अध्यक्ष डॉ. क्षिप्रा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर 19 लोगों ने रक्तदान किया जबकी 20 लोगों के रक्त समूह की जांच की गई, 30 लोगों का वजन किया गया, 22 लोगों का बीपी किया गया और 15 लोगों की शुगर की जांच की गई जिसमें दो लोगों की शुगर बढ़ी हुई आई। सचिव सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में भुवनेश गुप्ता उपस्थित रहे। गुप्ता ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देना नहीं, बल्कि किसी अनजान जिंदगी को नया सवेरा देना हैं। आज दिया गया आपका एक यूनिट रक्त कल किसी परिवार की मुस्कान बन सकता है। जब समाज का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान को अपना कर्तव्य समझेगा, तभी सच्चे अर्थों में मानवता जीवित रहेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यह केवल रक्त का दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को जीवन का नया अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज दिया गया एक यूनिट रक्त कल किसी माँ की गोद, किसी पिता की आशा और किसी परिवार की खुशियाँ बचा सकता है। समाज का प्रत्येक स्वस्थ नागरिक यदि नियमित रूप से रक्तदान को अपना नैतिक कर्तव्य माने, तो किसी भी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में जीवन न खोना पड़े। इस अवसर पर यश आहूजा, राजन माहेश्वरी, भैरू बंजारा, देवेन्द्र नागर, अभिषेक सुमन, पंकज सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

### अवैध वेंडर जांच अभियान चलाया

**कोटा,** (निसं)। यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कोटा मंडल में कोटा-रामगंजमंडी रेल खंड पर सघन टिकट जांच एवं अवैध वेंडर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन संख्या 59838 एवं 59837 में व्यापक स्तर पर जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 107 मामलों में कार्रवाई करते हुए यात्रियों से किराया एवं जुर्माने के रूप में कुल 31,330 की वसूली की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा एवं संबंधित उल्लंघनों के मामलों पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही रामगंजमंडी स्टेशन के प्लेटफार्म क्षेत्र में भी गहन टिकट जांच की गई। टिकट जांच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक लक्ष्मीकांत मीना, चल टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा, वाणिज्य लिपिक-सह-टिकट संग्राहक विष्णु कुमारी सुमन, हेमेंद्र मीना तथा उमेश कुमार शर्मा, रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट से हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार एवं कांस्टेबल गोपी सहाय मीना की सक्रिय भूमिका रही। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं निष्पक्ष यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोटा मंडल में इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे। यात्रियों से अपील है कि वे रेल यात्रा के दौरान वैध एवं उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।

### चलती ट्रेन में छूटा सामान, रेलवे की सतर्कता से यात्री को मिला सुकून

**कोटा,** (निसं)। यात्रा के दौरान अक्सर यात्रियों को अपने सामान के खो जाने की चिंता सताती है, लेकिन पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल में ऐसा एक मामला सामने आया, जहां रेलवे की सतर्क व्यवस्था ने यात्री की यह चिंता पूरी तरह दूर कर दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 12963 में यात्रा कर रहे एक यात्री के तीन बैग सीट के नीचे छूट गए थे। रेल मदद पर प्राप्त सुचना के आधार पर गाड़ी के गंगापुर सिटी स्टेशन पर पहुंचने पर संबंधित कोच में जाकर स्थिति की पुष्टि की गई। कोच में तैनात टिकट निरीक्षक ने बताया कि यात्री मथुरा स्टेशन पर उतरते समय अपने बैग भूल गया था। प्राप्त बैगों को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल के गंगापुर सिटी आउटपोस्ट में रखा गया और यात्री को इसकी सूचना दी गई। बाद में यात्री के आउटपोस्ट पर पहुंचने पर आवश्यक जांच के बाद उसके तीनों बैग सही अवस्था में उसे लौटा दिए गए। यात्री ने बताया कि बैगों में दैनिक उपयोग का सामान और कपड़े रखे हुए थे जिनकी अनुमानित कीमत लगभग दस हजार रूपये थे। अपना छूटा सामान सुरक्षित वापस पाकर यात्री ने राहत महसूस की और रेलवे की व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया।

### मादक पदार्थ का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। देवली मांझी पुलिस टीम ने मादक पदार्थ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को झालावाड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 16 नवम्बर 2023 को कनवास पुलिस टीम ने गश्त व आकस्मिक चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए धूलेट निवासी धनराज शर्मा को 1 किलो 306 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने पकड़े गये मादक पदार्थ तस्कर से अनुसंधान किया, अनुसंधान के दौरान मादक पदार्थ मामले में लालसिंह उर्फ लाला का नाम सामने आया। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी लाल सिंह उर्फ लाला फरार चल रहा था। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उप अधीक्षक सांगोद नरेन्द्र जैन के सुपरविजन में देवली मांझी थाने के थानधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान से मामले मे कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे जिला नीमच के शिवपुरिया निवासी लाल सिंह उर्फ लाला (29) को झालावाड़ से गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### हादसे के बाद प्लांट पहुंचे सीएमडी श्रृंगी

**छबड़ा** (निसं)। सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट की छठी इका के बायलर में जमे क्लिंकर को हटाने के दौरान हुए हादसे के बाद रविवार को प्लांट पहुंचे सीएमडी देवेंद्र श्रृंगी ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया। सीएमडी श्रृंगी के अनुसार उन्होने प्लांट में पहुंचकर घटनास्थल स्थल का अवलोकन किया। एक-दो दिन में एलएनटी कंपनी की विषेशज्ञ टीम प्लांट पहुंचकर हादसे के कारणो की पता लगाएगी। अभी तकनीकी जानकारी जुटाना पाना असंभव है। इसके लिए जांच कमेटी का भी गठन किया जाएगा। सुपर क्रिटिकल पॉवर प्लांट की 660 मेगावाट की छठी इका के बायलर में कठोर राख के ढ़ेर जमा हो जाने के कारण 24 दिसंबर रात्रि 11 बजे से विद्युत उत्पादन ठप हो गया। शनिवार सुबह 5-6 बजे तकनीकी अधिकारियों द्वारा बायलर की सफाई करने के दौरान बायलर में जमे क्लिंकर का कुछ हिस्सा गिर जाने के चलते बायलर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे जेईएन सहित 3-4 मजदूर घायल हो गए थे।

### सेवानिवृत कर्मचारी संघ की बैठक

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 4 फरवरी को होने वाले अधिवेशन के बारे में चर्चा की तथा समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान राज्य विद्युत कर्मचारी संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार नागर ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। अध्यक्षता प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश शर्मा ने की।

# अरावली बचाने एवं मनरेगा को लेकर कोटा में कांग्रेस ने जन जागरण रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण एवं मनरेगा को लेकर कोटा उत्तर विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जन जागरण रैली निकाली गई। यह रैली अग्रसेन चौराहे से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि राजस्थान की जीवनरेखा है। यह जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन मौजूदा बीजेपी सरकार की नीतियों के कारण अरावली लगातार खतरे में है।




कोटा में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण एवं मनरेगा को लेकर जन जागरण रैली निकाली गई।

अमित धारीवाल ने मनरेगा को लेकर कहा कि महात्मा गांधी भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे, केन्द्र सरकार मनरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी का तिरस्कार कर रही है, जो कि गलत है। अमित धारीवाल ने कहा कि कांग्रेस अरावली के संरक्षण के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

उन्होंने सरकार से मांग की कि अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर तुरंत रोक लगे, पर्यावरण कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए और स्थानीय लोगों की आजीविका व पर्यावरण दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने "अरावली बचाओ", "पर्यावरण बचाओ", "बीजेपी सरकार होश में आओ" जैसे नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अरावली के संरक्षण को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जनजागरण रैली के जरिए कांग्रेस ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण से जुड़ा यह मुद्दा अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है।

रैली में प्रदेश सचिव शिवकान्त नन्दवाना, कोटा जिलाध्यक्ष राखी

■ **बीजेपी सरकार पर बरसे अमित धारीवाल**

गौतम, कोटा उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ललित कुमार, विष्णु मेवाड़ा, एससी कांग्रेस प्रदेश महासचिव दिनेश खटीक, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिलाध्यक्ष अनिल सुवालका, एससी जिलाध्यक्ष अशोक मेघवाल, वक्फ बोर्ड डिप्टी चैयरमेन साजिस खान, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा, राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव यश गौतम, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रशांत जैन, मण्डल अध्यक्ष अरशद कुरैशी, रामस्वरूप चांदना, लेखराज सैनी, ऋषव माथुर, अंकुर सेठिया, मुकेश खंगार, कांग्रेस कार्यकर्ता नन्दकिशोर, अजय भान सिंह, अन्नू कुमार, कौशल्या सैनी, नीरज राजावत, अब्दुल कलीम, शादाब खान, दीपक नागर, प्रशान्त सिंह, शाहरूख मंसूरी, अनस खान, योगेश चावला, दिनेश मीणा, तेजराम बैरवा, अंकित देवड़ा, राहुल महाराजा, सुमित गुर्जर, अनिल नावर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी के मन की बात को भाजपा कोटा के तत्वावधान में सभी बूथों पर सुना गया

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन व जिले से मन की बात प्रमुख महेन्द्र सिंह सिसोदिया के आह्वान पर भाजपा कोटा शहर द्वारा बूथ स्तर पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया की मणिपुर में बहुत तेजी से सोलर पैनल लग रहे है, आज मणिपुर बिजली उत्पादन मे आत्मनिर्भर बना।

इसी तरह भारत हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 129वें एपिसोड में सन् 2025 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा सन् 2026 की समस्त देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

जैन ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी बोले की 2025 में ऑपरेशन सिंदूर ने समस्त देशवासियों को गर्व से भर दिया। सन् 2025 ने देश को आत्मनिर्भर बनाया। देशवासियों ने दैनिक जीवन में स्वदेशी को अपनाकर, देश को मजबूत बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 'डिजिटल माय क्लास' के नए स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। शहर के तलवंडी क्षेत्र में स्थित 'डिजिटल माय क्लास' के नए स्किल डेवलपमेंट कोर्स इंस्टीट्यूट का शुभारंभ कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने किया। उद्घाटन अवसर पर संस्थान के निदेशक, प्रशिक्षकगण, स्टॉफ सदस्य तथा शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रैक्टिकल एवं इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि डिजिटल माय क्लास जैसे संस्थान युवाओं को रोजगार, फ्रीलांसिंग और उद्यमिता के लिए सक्षम बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

संस्थान प्रबंधन द्वारा उद्घाटन अवसर पर एक 'लॉन्च स्पेशल' योजना की घोषणा की गई, जिसके अंतर्गत विवाहित महिलाओं को सभी स्किल डेवलपमेंट कोर्सों पर 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

यह पहल महिलाओं को डिजिटल एवं प्रोफेशनल कौशल से

■ **डिग्री से आगे स्किल की जरूरत : शर्मा**

जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है।

डिजिटल माय क्लास में डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाईनिंग, वेब डेवलपमेंट, वीडियो एडिटिंग, एडवांस एक्सेल, टैली विद जीएसटी, डेटा साइंस तथा ई-कॉमर्स जैसे अनेक रोजगारोन्मुखी कोर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्थान में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, लाईव प्रोजेक्ट्स, अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण और जॉब असिस्टेंस की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

संस्थान के निदेशक अजय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए लैब सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि उन्हें इस क्षेत्र में 17 वर्षों का अनुभव है और अब तक प्लेसमेंट एवं फ्रीलांसिंग के माध्यम से 500 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

## राजस्थान अकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला अधिवेशन में परमानन्द गोयल का विशेष सम्मान

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान अकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला शाखा कोटा द्वारा आयोजित जिला अधिवेशन में राजस्थान लेखा सेवा के पूर्व अधिकारी, लेखक एवं कई सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय परमानन्द गोयल को उनकी गौरवपूर्ण राजकीय एवं सामाजिक सेवाओं तथा रचनात्मक साहित्यिक योगदान के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान पत्र में उल्लेख किया गया कि गोयल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राज्य सरकार/जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न अवसरों पर पुरस्कृत किया गया है। उनकी सेवाओं से न केवल लेखा जगत गौरवान्वित हुआ है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्ग भी लाभान्वित हुए हैं। उनकी बहुआयामी सेवाओं का स्मरण करते हुए राजस्थान अकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला शाखा कोटा ने जिला अधिवेशन के अवसर पर उन्हें सम्मानित कर गौरव की अनुभूति व्यक्त की।

इस अवसर पर मंच से गोयल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया। वाचन में बताया गया कि परमानन्द गोयल



कोटा में लेखा सेवा के पूर्व अधिकारी परमानंद गोयल का सम्मान किया है।

राजस्थान लेखा सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। वर्तमान में वे कोटा विकास प्राधिकरण में रेवन्यू एडवाइज़र के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उनके छात्र जीवन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वे एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट के धारक हैं तथा उनके पास ग्लाईडर पायलट लाईसेंस भी है। सेवाकाल के दौरान उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया गया तथा राज्य स्तर पर उनका नाम संभागीय आयुक्त एवं पदेन क्षेत्रीय विकास आयुक्त द्वारा अग्रेषित किया गया।

सेवानिवृत्ति के पश्चात् भी गोयल पर्यटन, सामाजिक सरोकारों एवं लेखन के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। उनकी चर्चित पुस्तक 'कोटा टूरिज्म' ने हाड़ौती की सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन संभावनाओं को प्रभावी रूप से राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत किया है। अब तक उनकी छह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें नवीनतम प्रेरणादायी कृति 'विचारों की उड़ान' विशेष रूप से चर्चित रही है। इस पुस्तक में समाज, युवा, संस्कृति एवं तकनीक जैसे समसामयिक विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गोयल के 60 से अधिक लेख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें सामाजिक चेतना, पर्यटन और हाड़ौती क्षेत्र के विकास से जुडे विषय प्रमुख रहे हैं।

उनका निरंतर प्रयास रहा है कि हाड़ौती को राष्ट्रीय पहचान मिले और जनचेतना का विस्तार हो। सम्मानित करते समय कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों जिनमें मुख्यत: निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव कोष एवं लेखा विभाग राजस्थान सरकार संध्या शर्मा, वरिष्ठ बीजेपी नेता पंकज मेहता, प्रदेश अध्यक्ष लालचंद यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश जैन जिलाध्यक्ष मनोज जैन 'चतर' सहित पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने परमानन्द गोयल का अभिनंदन किया।

## चिकित्सा शिविर में 86 रोगियों का हुआ सफल ऑपरेशन

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर मेड़तवाल वैश्य समाज भवन रामगंजमण्डी में क्षारसूत्र पद्धति से अर्श (मस्सा), भगन्दर (फिस्टुला), परिवर्तिका (फिशर) आदि गुद रोगों के अभी तक 86 रोगियों को ऑपरेशन हो गया है।

शिविर प्रभारी डॉ. सुशील बैरागी ने जानकारी दी कि शल्य कर्म चिकित्सकों डॉ.बी.एल.यादव व डॉ. हरनारायण मीणा की टीम द्वारा 86 रोगियों के सफल ऑपरेशन किए गए। सहायक प्रभारी डॉ. दीपक आर्य प्रथम ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा में आज तक 119 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ है तथा अग्निकर्म चिकित्सा में 601 रोगियों को जोड़ों के दर्द में लाभ प्राप्त हुआ है।

■ **शिविर में अभी तक विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से 3353 रोगियों ने प्राप्त स्वास्थ्य लाभ किया**

वहीं वहिरंग चिकित्सा में आज रविवार तक 2459 रोगी लाभान्वित हुये हैं। सहायक प्रभारी द्वितीय डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि स्वर्णप्राशन चिकित्सा में 174 बच्चों को रोग प्रतिरोधक स्वर्ण प्राशन बून्द पिलाई गई तथा शिविर में आज तक विभिन्न चिकित्सा पद्धति से कुल 3353 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ है। शिविर में डॉ.शत्रुघ्न शर्मा, डॉ. शिवशंकर सोनी, डॉ. अरविंद जादौन, डॉ. मुक्ति शर्मा, डॉ. सुप्रीत कौर, डॉ. पूजा मीणा व डॉ. निरंजन परालिया अपनी सेवायें दे रहे हैं। साथ ही सेवानिवृत चिकित्साधिकारी डॉ. घनश्याम वैष्णव द्वारा शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया जा रहा है। शिविर में कम्पाउण्डर, नर्स जगदीश रैगर, छोटेलाल, सोनू कुमार, संदीप नागर, मोतीलाल, कविता, नवीन गोचर, प्रशांत तथा परिचारकगण-राधेश्याम, मुकेश, मुंजबिहारी व ममता बाई भी अपनी सेवायें रोगियों को दे रहें हैं। शिविर में प्रतिदिन योग प्रशिक्षक दिनेश कुमार द्वारा प्रात: 7 से 8 बजे योगाभ्यास करवाया जा रहा है।

शिविर में भर्ती रोगियों को भारत विकास परिषद् महिला मण्डल रामगंजमण्डी द्वारा केसर, इलाइची, बादाम व पिस्ता युक्त दूध वितरण किया गया। इस अवसर पर शकुन्तला गुप्ता, चंदा जैन, आशा सतीजा व शिखा खण्डेलवाल के साथ परिषद के संजय पतीरा, जितेंन्द्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, संजय सतीजा व गोर्वधन गौड़ ने भी सहयोग किया।

## कांग्रेसियों ने 140वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 140वें स्थापना दिवस पर गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यलय में रविवार को प्रात: 10.15 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कांग्रेस पार्टी का कांग्रेस कार्यलय में झण्डारोहण किया।

इस मौके पर कार्यलय प्रांगण में राखी गौतम ने श्रमदान कर स्वक्षता का संदेश भी दिया सभी कांग्रेसजनों को स्थापना दिवस पर राखी गौतम ने कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई दी। स्थापना दिवस मौके पर कांग्रेस कार्यलय प्रांगण में 140वें स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को बॉम्बे में 72 सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी स्थापना की थी जिसके संस्थापक डॉ ए.ओ.ह्यूम थे। कांग्रेस पार्टी के प्रथम अध्यक्ष व्यमेश चंद बनर्जी को बनाया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों महात्मा गांधी सहित तमाम स्वतंत्रता सैनानियों ने अपनी जाने गंवाकर देश को आजादी दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी तथा अपनी कुर्बानियां देकर देश को आजादी दिलायी देश आजाद होने पर प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहलाल नेहरू ने देश को अखंड बनाकर देश का नवनिर्माण कर देश को नई दिशा दी इसके बाद देश की एकता, अखंडता बनाये रखने के स्व.इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते देश सेवा करते-करते अपने प्राणों की आहुति दी।

राखी गौतम ने कहा 140 वर्ष पुरानी पार्टी जिसने देश को आजादी दिलायी उस पार्टी को भाजपा की सरकारें मुक्त करने का सपना देख रही हैं वह कभी पूरा नही होगा। राखी गौतम ने कहा कि वर्तमान में देश के हालात मोदी सरकार ने बिगाड़ रखे है देश में भय का माहौल है मोदी सरकार आपस में भाईचारा, शांति सदभाव खराब करने का काम कर रहे है खुलेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है मोदी सरकार की गलत नीति के चलते देश में मंहगाई आसमान छू रही है।

आमजन त्रस्त है गौतम ने सभी कार्यकर्ताओं को इन सांप्रदायिक शक्तियो से डटकर मुकाबला करने के लिये आव्हान किया। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ. विजय सोनी ने बताया कि स्थापना दिवस गोष्ठी कार्यक्रम को प्रमुख रूप से लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुँजल, पूर्व अध्यक्ष रवींद्र त्यागी, कांग्रेस महासचिव डॉ.विजय सोनी पीसीसी सदस्य यशवंत चौधरी, किशोर मदनानी आदि मौजूद रहे।

# मानव सेवा में जुटी ऊँ साई सेवा समिति ने स्थापना दिवस समारोह मनाया

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती के विभिन्न इलाकों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए मानव सेवा का कार्य करते हुए प्रतिदिन 500 से 600 लोगों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध करने वाली ऊँ साई साई सेवा समिति ने अपने सेवा कार्यों के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया।

समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मेडिकल कॉलेज प्राचार्या संगीता सक्सेना, समाजसेवी लक्ष्मण नेनानी थे। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही होती यह बात समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कही।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला साई सेवा समिति के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ऊँ साई सेवा समिति द्वारा किए जा रहे मानव सेवा के कार्यों की सराहना की तथा न्यू मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन नए भवन में नि:शुल्क भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी समिति को सौंपने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने समिति की सेवाओं के विस्तार हेतु हर संभव सहयोग एवं सहायता का आश्वासन दिया।

समारोह मे साई सेवा समिति के अध्यक्ष प्रीतम टहल्यानी ने जानकारी दी कि समिति प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए 500 से 600 लोगों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराती है। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा नि:शुल्क मोक्ष रथ की सेवा भी समाज के लिए उपलब्ध है।

वहीं सचिव विनोद महबूबानी ने बताया कि किसी परिवार में मृत्यु होने की स्थिति में समिति द्वारा गमी का भोजन उपलब्ध कराया जाता है तथा समाजहित में मेडिकल इक्विपमेंट भी नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं साई सेवकों ने समिति के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ऊँ साई सेवा समिति के अध्यक्ष प्रीतम टहल्यानी, सचिव विनोद महबूबानी, संरक्षक संजय जैन सहित हीरालाल, अशोक, महेश चाँदवानी एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया

**बूंदी** (निसं)। ख्वाजा गरीब नवाज़ के उर्स के अवसर पर बूंदी में शनिवार रात मुस्लिम समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।गरीब नवाज़ की छठी शरीफ़ खोजा गेट दरगाह पर मनायी गयी जहां पर दरगाह कमेटी की ओर से जिले के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, राजकीय सेवा में चयनित होने वालो के साथ सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वालों का स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल रहे। अध्यक्षता राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने की।मुख्य वक्ता नायब शहर काजी इमरान कादरी रहे। वहीं उपसभापति लटूर भाई, पूर्व सभापति हिना अगवान, पार्षद देवराज गोचर,पार्षद इरफान इलू विशिष्ट अतिथि रहे। हजरत ख्वाजा गुलबुद्दीन सरकार कमेटी के सदर शहज़ाद खिलजी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा बांध कर स्वागत किया।

# चौमूं उपद्रव मामले में 19 आरोपी जयपुर कोर्ट में पेश, सभी को जेल भेजा

## चौमूं थाना पुलिस ने सभी 19 आरोपियों को अवकाशकालीन न्यायालय ने पेश किया

**चौंमू/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं शहर में 25 दिसंबर की रात हुए पथराव व उपद्रव की घटना के 19 आरोपियों को रविवार को चौमू थाना पुलिस ने जयपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 8 जनवरी तक सभी 19 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को जयपुर के अवकाशकालीन न्यायालय में पेश किया गया था। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देश पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पथराव की घटना की जांच लगातार जारी है और अन्य संदिग्धों पर भी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



चौमूं थाना पुलिस सभी आरोपियों को लेकर जयपुर के लिये रवाना हुई।

■ चौमूं में हुई पथराव की घटना को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज

जानकारी के अनुसार चौमूं थाना पुलिस ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है,। जिनमें मुख्तार अली पुत्र हयात अली, आकिब पुत्र शमसीर मोहम्मद, मोहसीन खान पुत्र हयात खान, उमरबेग पुत्र हमीद खान, जहीन खान पुत्र नोशाद खान, हैदर अली पुत्र शमशेर खां, समीर पुत्र शौकत अली, आबिद पुत्र अन्दाज अली, सलमान पुत्र हयात अली, अरबाज पुत्र अब्दुल रफीक, कामरान पुत्र ऐजाज, ताहिर आलम पुत्र आलम शेक, जाबाज पुत्र अतारसुल, फरदीन पुत्र नोशाद अली पठान, शाहरुख पुत्र चांद खां, फैजान खान पुत्र अंसार अली, जावेद खान पुत्र सिकन्दर, जावेद कुरैशी पुत्र इकराम, वसीम कुरैशी पुत्र नसरुदीन को गिरफ्तार किया।

वहीं चौमू में हुई पथराव की घटना को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि करीब दो दशक पहले भी चौमूं में हालात बिगड़े थे और कई दिनों तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने तुरंत संज्ञान लेकर शांति और कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। राजेन्द्र राठौड़ ने बेहतर कार्य के लिए चौमू थानाधिकारी प्रदीप शर्मा को पुरस्कृत करने की मांग भी की। उन्होंने डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें हर दंगे में वोट की फसल नजर आती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चौमूं उपद्रव मामले में दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया

■ पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर चौमूं के हालातों से अवगत कराया, सीएम से न्यायालय के स्थगन के बाहर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने और सर्च ऑपरेशन चलाने की मांग की

■ सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे मामले में विधि संवत (कानूनी) और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं शहर के बस स्टैंड पर गत दिनों अतिक्रमण हटाने के दौरान उपजे विवाद और पथराव की घटना को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि राजस्थान में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे मामले में विधि संवत (कानूनी) और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुलाकात के दौरान न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त विवादित स्थल पर मुंशीफ कोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने स्पष्ट माना है कि वहां कोई धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि वह सड़क पर किया गया एक अतिक्रमण मात्र है। वर्तमान में यह मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन और विशेष समुदाय के बीच वार्ता के बाद, सहमति के आधार पर पत्थर हटाए जा रहे थे।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 25 दिसंबर को सहमति के आधार पर पत्थर हटाने तक की कार्रवाई उचित थी, लेकिन इसके बाद समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने न्यायालय के स्थगन वाले क्षेत्र में जबरन लोहे की बैरिकेडिंग, एंगल और टीनशेड लगाना शुरू कर दिया। इस अवैध निर्माण और न्यायालय की अवमानना के कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। रामलाल शर्मा ने बताया कि जब प्रशासन ने इस अवैध निर्माण को रोकने का प्रयास किया तो उपद्रवियों ने पुलिस पर कांच की बोतलें, पत्थर और ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्यायालय के स्थगन के दायरे से बाहर किए गए सभी अवैध निर्माणों को तुरंत हटाये जाने, शहर में बाहर से आकर रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जाने, धार्मिक स्थलों और घरों में अवैध हथियारों की तलाश के लिए सघन चेकिंग अभियान शुरू किये जाने की मांग की।

# लूणकरनसर में तापमान 4.6 पहुंचा, सर्दी के तेवर तेज

■ बीकानेर शहर में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में रविवार को मौसम शुष्क और साफ बना रहा। दिन में तेज धूप के कारण हल्की गर्माहट महसूस की गई, जबकि सुबह और रात के समय ठंड का असर बना रहा। मौसम में फिलहाल किसी तरह की बारिश या कोहरे की स्थिति नहीं रही। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर शहर में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं लूणकरनसर क्षेत्र में ठंड का असर ज्यादा देखा गया, जहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

अगर पिछले पांच दिनों के तापमान से तुलना करें तो बीकानेर में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के दायरे में बना हुआ था, जबकि आज यह 26.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान में भी मामूली बढ़त देखने को मिली है। हालांकि लूणकरनसर में रात का तापमान पिछले पांच दिनों की तुलना में ज्यादा नीचे चला गया, जिससे वहां सर्दी का असर अधिक महसूस किया गया। कल बीकानेर में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब से 'अनहेल्दी' श्रेणी के बीच दर्ज हुआ। बीकानेर में 27 दिसंबर को आईक्यू करीब 151 तक पहुंचा, जो स्वास्थ्य के लिए अस्वस्थ माना जाता है और संवेदनशील समूहों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। बीकानेर में मौसम स्थिर है। अगले कुछ दिनों तक तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, हालांकि रात के समय ठंड का असर बना रह सकता है।

# विद्युत चोरी की जांच करने गई सतर्कता टीम पर हमला

## हमले में सहायक अभियंता घायल, पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया

**अलवर,** (निसं)। अलवर में लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के जावली गांव में बिजली विभाग की सतर्कता टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। विद्युत चोरी की जांच करने गई सतर्कता टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया, जिसमें सहायक अभियंता प्रमोद कुमार शर्मा घायल हो गए। इस संबंध में सहायक अभियंता की ओर से थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

रिपोर्ट में बताया कि सहायक अभियंता प्रमोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम सरकारी वाहन से सुबह करीब 7 बजकर 25 मिनट पर इन्द्रपाल मीणा पुत्र मंगूलाल मीणा निवासी जावली के घर जांच के लिए पहुंची थी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने टीम को जांच करने से रोका और फोटो और वीडियो बनाने नहीं दिए। आरोप है कि मौके पर मौजूद लोगों ने टीम को डरा-धमकाकर भगाने का प्रयास किया। इसके बाद रेशम पत्नी मंगूलाल, अनिता पत्नी इन्द्रपाल, भानुमती सहित इन्द्रपाल मीणा एवं अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा सरकारी वाहन पर पत्थर फेंके। इस दौरान राजकार्य में बाधा भी उत्पन्न की गई। इस प्रकरण में सहायक अभियंता प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र रामदयाल शर्मा, निवासी जावली, द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करने से पूर्व जावली गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस उपाधीक्षक के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# लिव-इन में रह रहे प्राइवेट स्कूल संचालक की मौत

## किराए के मकान में युवती के संग रहता था युवक

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। किराए के मकान में युवती संग लिव-इन में रह रहे प्राइवेट स्कूल संचालक की मौत हो गई। वह अपने गांव से खाना खा कर किराए के रूम पर लौटा था। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला जिले के कोतवाली थाना इलाके के सेतिया कॉलोनी का रविवार सुबह का है।

कोतवाली थाना सीआई पृथ्वी पाल ने बताया कि युवक की पहचान भजनलाल (29) निवासी कोनी, श्रीगंगानगर के रूप में हुई है। मामले में भजनलाल के दूर के रिश्ते में लगने वाले भतीजे वीरू ने मर्ग दर्ज करवाई है। हमने अस्पताल में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। यहां पहुंचकर जानकारी जुटाई। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। फिलहाल कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

परिजनों ने बताया कि भजनलाल पीछे 4-5 साल से एक युवती के साथ रिलेशन में था और दोनों श्रीगंगानगर की सेतिया कॉलोनी में किराए के मकान में साथ रहते थे। भजनलाल शादीशुदा नहीं था और कोनी गांव में ही एक प्राइवेट स्कूल भी चलाता है। रात करीब 9 बजे वह अपने गांव कोनी से खाना खाकर श्रीगंगानगर लौटा था। देर रात सूचना मिली कि उसकी तबीयत बिगड़ गई है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि भजनलाल की मौत हो गई है। भजनलाल के पिता हरिराम गांव के सरपंच थे। वह घर का इकलौता बेटा था।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

■ हादसा गत 24 दिसम्बर को हुआ था

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के पूगल थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। यह घटना आरडी 682 के पास 24 दिसंबर को हुई थी। मृतक की पहचान भागनाथ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार आरडी 682 के पास एक तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई थी। इस टक्कर में भागनाथ अपनी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल भागनाथ को तुरंत बीकानेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक भागनाथ के भाई हरिनाथ, जो ग्राम उपनी के निवासी हैं, ने पूगल पुलिस थाने में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# के.के. गुप्ता अब जोधपुर शहर को स्वच्छता के गुर सिखाएंगे


के.के. गुप्ता।

■ के.के. गुप्ता से जोधपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता संबंधित मार्गदर्शन मांगा गया

■ गुप्ता आज जोधपुर नगर निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेंगे

**उदयपुर,** (निसं)। स्वच्छता, पर्यावरण और जल संरक्षण के अग्रणी के रूप में अपनी पहचान रखने वाले और जनजाति अंचल की छोटी सी निकाय डूंगरपुर को स्वच्छता के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले के के गुप्ता अब मरू प्रदेश राजस्थान के मारवाड़ अंचल के सबसे बड़े शहर जोधपुर में स्वच्छता अपनाए जाने और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स देंगे और स्वच्छता के गुर सिखाएंगे।

नगर निगम जोधपुर आयुक्त द्वारा गुप्ता को पत्र प्रेषित करते हुए जोधपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने हेतु सुझाव और प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निवेदन किया गया है। आयुक्त ने बताया कि के.के. गुप्ता द्वारा नगर परिषद डूंगरपुर में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा पूरे राजस्थान प्रदेश में की जाती है इसलिए के.के. गुप्ता से निवेदन है कि नगर निगम जोधपुर के मुख्य सफाई निरीक्षक टीम और स्वच्छता टीम को मार्गदर्शन प्रदान करें। के.के. गुप्ता द्वारा 29 दिसंबर सोमवार को प्रात: 10 बजे जोधपुर नगर निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली जाएगी।

उल्लेखनीय है कि के के गुप्ता वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार द्वारा स्टेट कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त हैं तथा शेखावाटी के प्रमुख शहर झुंझुनू सहित मंडावा और नवलगढ़ निकाय के लिए न्यायालय द्वारा न्याय मित्र नियुक्त हैं।

# बजरी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने गौवंश को कुचला

■ हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ में मानपुरा-महुआ सड़क मार्ग पर अवैध बजरी से भरे तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क पर जा रहे गौवंश को कुचल दिया, जिससे एक गर्भवती गौवंश और उसके नवजात की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ओर आधा दर्जन गौवंश घायल हो गये। हादसे की सूचना पर माण्डलगढ़ थाना पुलिस मौक़े पर पहुँची। पशु चिकित्सक से मृतक गौवंश का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार किया। अन्य घायल गौवंश को महुआ गांव की गौशाला में शिफ्ट कर उपचार कराया जा रहा हैं। वहीं पुलिस द्वारा हादसे की जाँच की जा रही हैं।

मौक़े पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीगोद थाना क्षेत्र के बिलिया, रलायता गाँव के पास स्थित बनास नदी में जेसीबी मशीनों से खुलेआम अवैध खनन लगातार जारी है और बजरी माफिया के वाहन दिन में तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते रहे हैं, महुआ गाँव की सड़क पर बजरी भरे वाहनों की टक्कर से कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं, बजरी माफिया पूरी तरह बेकाबू नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बनास नदी से बिलिया, रलायता, मानपुरा, महुआ, श्यामपुरा सड़क मार्ग पर सैकड़ों बजरी भरे ट्रैक्टर ट्रॉली रात दिन चलते हैं। पुलिस और खनिज विभाग को शिकायत करने के बावजूद भी बजरी माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती हैं। उधर पुलिस और खनिज विभाग पर्याप्त स्टाफ नहीं होने की समस्या बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं।

माण्डलगढ़ थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मानपुरा के पास गौवंश के साथ हादसा कारित करने वाले वाहन के बारे की किसी ने लिखित रिपोर्ट नहीं की हैं। फिर भी पुलिस टीम वाहन का पता लगाने में जुटी है और अवैध बजरी परिवहन को लेकर क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई हैं।

# कोटा : मृत गायों के अवशेषों को खुले में फेंकने को लेकर हाईवे जाम किया


कोटा में प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लोगों ने समस्याएं बताई।

■ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का काफिला भी जाम में फंसा

■ वसुंधरा राजे ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि ठेकेदार के खिलाफ नगर निगम व प्रशासन कार्रवाई करेगा

**कोटा,** (निसं)। शहर के बंधा धर्मपुरा इलाके में मृत गायों के अवशेषों को खुले में फेंकने के मामले को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को बड़ी संख्या में गौरक्षक व बजरंगदल कार्यकर्ता नेशनल हाईवे 27 को जाम करने पहुंचे। इस बीच पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का काफिला हैंगिंग ब्रिज के नजदीक रूक गया।


जानकारी के अनुसार पूर्व सीएम वसुंधरा राजे झालावाड़ से जयपुर जा रही थी। लोगों के प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का काफिला भी जाम में फंस गया था। वाहनों की करीब 2 किलोमीटर लंबी कतार लग गई। हाईवे जाम की सूचना मिलते ही कोटा रेंज डीआईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल और सिटी एसपी तेजस्वनी गौतम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा और जाम को खुलवाने का प्रयास किया एवं गोरक्षकों से समझाईश की। गौरक्षक शहर में मृत गायों के निस्तारण की समस्या से नाराज होकर पदयात्रा निकाल रहे थे। जाम में फंसी पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने मौके पर उनकी समस्या को सुना और गौरक्षकों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, वसुंधरा राजे ने अधिकारियों को निर्देश दिए तब जाकर मामला शांत हुआ और जाम को खोला गया।

पुलिस उप अधीक्षक पंचम मनीष शर्मा ने बताया कि रविवार दोपहर को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया का काफिला गुजर रहा था। इसी दौरान मृत गायों के अवशेषों को बंधा धर्मपुरा में खुले में डालने के मामले मे निस्तारण को लेकर प्रदर्शनकारी भी बड़ी संख्या में हैंगिंग ब्रिज के नजदीक पहुंच गए। इसके चलते जाम जैसे हालात बन गए। पूर्व मुख्यमंत्री प्रदर्शनकारियों को देखकर रुक गई थीं।

प्रदर्शनकारियों में शामिल काजल किन्नर का कहना है कि वे बंधा धर्मपुरा में गौवंश के शव के साथ छेड़छाड़ के मामले में एक महीने से आंदोलन कर रहे हैं। जिला कलैक्टर को भी ज्ञापन दिया था। उन्होंने 5 दिन में पूरे मामले का निस्तारण करने की बात कही थी लेकिन कुछ नहीं हुआ। अभी भी गौवंश के अवशेष और हड्डियां वहीं पड़े हुए हैं। काजल किन्नर का कहना है कि वसुंधरा राजे ने उन्हें आश्वासन दिया कि ठेकेदार के खिलाफ नगर निगम और प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा एवं कानूनी कार्रवाई भी होगी।

# जहरीले केमिकल के छिड़काव से फसल को नुकसान पहुंचा

## अज्ञात व्यक्ति ने तीन बीघा सरसों की फसल में जहरीला केमिकल छिड़का, जिससे फसल झुलस गई


दतवास थाना क्षेत्र में सरसों की फसल में जहरीला केमिकल छिड़कने से फसल झुलस गई।

**टोंक,** (निसं)। निवाई उपखंड के दतवास थाना क्षेत्र में किसानों की सरसों की फसल को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने लगभग तीन बीघा सरसों की फसल में जहरीला केमिकल छिड़क दिया, जिससे फसल झुलस गई। बाद में परिवादी ने पुलिस थाना पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया, जिस पर दतवास थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरु की।

दतवास थाना प्रभारी हीरालाल वर्मा ने बताया पीड़ित किसानों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर केमिकल डालने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश कर रही है और सभी पहलुओं से अनुसंधान जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है तथा किसानों का कहना है कि ऐसी हरकतें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भी प्रयास हैं। पुलिस ने आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# जयपुर परकोटे के नेहरू बाजार में 4 दुकानों के बाहर बरामदा धराशायी

## गनीमत रही कि हादसा शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे हुआ, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी




अजमेरी गेट स्थित नेहरू बाजार में शनिवार देर रात चार दुकानों के बाहर बरामदे की छत धराशायी हो गई। वहीं अन्य दुकानों का बाहरी हिस्सा भी सड़क की ओर झुका हुआ है। फोटों : राष्ट्रदूत

- **10 दिन पहले व्यापारियों ने निगम प्रशासन और स्मार्टसिटी के अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर बरामदों की जर्जर हालत से अवगत कराया था**
- **इसके बाद प्रशासन ने मौके पर बैरिकेड्स लगाकर और बरामदों की छत को लकड़ी की बल्लियों की सहारे टिकाकर इतिश्री कर ली**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर । राजधानी जयपुर के परकोटे में अजमेरी गेट स्थित नेहरू बाजार में शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे दुकान नंबर 174 से 177 तक बरामदा भर-भराकर नीचे गिर पड़ा। गनीमत रही कि हादसा रात के वक्त हुआ, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। दिन के वक्त बाजार में खरीददारों, पर्यटकों और व्यापारियों की भारी आवाजाही रहती है। इस हादसे के साथ ही जयपुर स्मार्टसिटी के दावों की भी पोल खुल गई है। हैरानी की बात यह है कि व्यापारियों ने 10 दिन पूर्व में ही स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी थी, इसके बावजूद प्रशासन हादसे का इंतजार करता रहा।

इस हादसे का मालूम रविवार सुबह चला, जब व्यापारी दुकान खोलने पहुंचे। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई, व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया और सभी बरामदों की मरम्मत की मांग उठाई। उधर इस हादसे के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बरामदे के जर्जर हिस्से को बुलडोजर की मदद से ढहाया।

**'दुकानों के नीचे नहर, इससे जर्जर हुए पिलर' :** बताया जा रहा है कि दुकानों के नीचे नहर है उसके नीचे से निकलने वाले पानी से बरामदों की हालत खराब हो चुकी है। बरसाती पानी के कारण बरामदों के खंभे जमीन में धंस गए है और जमीन भी कमजोर हो चुकी है। गत 17 दिसंबर को नगर निगम उपायुक्त को स्थानीय व्यापारियों ने लिखित शिकायत दी थी और दुकान नंबर 173 से 177 तक के बरामदों को मरम्मत करवाने के लिए आग्रह किया था। व्यापारियों ने साफ चेताया था कि, पिलर जमीन में धसने से दुकानों की छतों में भी दरारे आ गई है। जिसके चलते दुकान की छत भी नीचे गिरने का खतरा बना हुआ है।

**अधिकांश बरामदे लोहे के पिलरों पर टिके :** दुकान नंबर 176 के मालिक गिरीश कपूर का कहना है कि, जयपुर चारदीवारी क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, परंतु जमीनी हकीकत ये है कि आज भी पुराने बाजारों में बरामदे लोहे के पिलरों के सहारे टिके हुए हैं। करीब डेढ़ साल पहले ही नगर निगम को बरामदों की खराब हालत से अवगत कराया था। बारिश में यहां पानी भर जाता था। धीरे-धीरे पानी के रिसाव ने पिलरों को खोखला कर दिया। यहां बने लगभग 60 वर्ष पुराने नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी है, बार-बार शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन मिले, कार्रवाई नहीं हुई, जिसका नतीजा ये हादसा है।

**'बैरिकेड्स और बल्लियां लगाकर इतिश्री' :** दुकान नंबर 174 के मालिक बलवेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 15 दिन पहले नगर निगम को शिकायत देने पर सिर्फ बैरिकेडिंग और लकड़ी की बल्लियां लगाकर औपचारिकता निभा दी गई। बरामदे की छत में दरारें साफ दिखाई दे रही थी, जानमाल के नुकसान की आशंका भी जताई थी। इसके बावजूद प्रशासन लापरवाही का रवैया अपनाता रहा, जो कि इस हादसे का कारण बना। अगर यही हादसा दिन के वक्त होता तो यहां बड़ी जनहानि हो सकती थी।

**'ड्रिलिंग भी एक कारण रहा बरामदे गिरने में' :** स्थानीय व्यापारी सुरेश आडवाणी ने आरोप लगाया कि पर्यटन सीजन के बीच निगम प्रशासन ने यहां सड़क तोड़ने के लिए ड्रिल मशीनों का इस्तेमाल किया, जबकि खुद निगम ने दुकानों के पास बैरिकेडिंग करते हुए एहतियात बरतने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके जर्जर बरामदों के सामने ड्रिलिंग की गई। इससे बरामदों पर और दबाव पड़ा और हादसा हो गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर ये हादसा शाम के समय होता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता।

**नगर निगम प्रशासन ने रखा पक्ष :** हादसे के बाद मौके पर पहुंचे किशनपोल जोन के अधिशाषी अभियंता हेमाराम ढाका ने बताया कि 16 दिसंबर को शिकायत मिली थी। जांच में सामने आया कि पुरानी पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण मिट्टी का कटाव हो रहा था, इससे बरामदे झुकने लगे। एहतियातन बैरिकेड्स और सपोर्ट लगाए गए थे, लेकिन मिट्टी का कटाव ज्यादा होने से बरामदे ढह गए. अब शेष जर्जर हिस्सों को हटाकर जल्द नए बरामदे विकसित किए जाएंगे।

**स्मार्ट सिटी के करोड़ों रुपये खर्च पर सवाल उठे :** नेहरू बाजार की ये घटना सिर्फ एक बरामदे की छत गिरने की नहीं है, बल्कि ये नगर निगम प्रशासन की उदासीनता, कमजोर निगरानी और अधूरे स्मार्ट सिटी दावों का आईना है। इसी वजह से सवाल उठ रहे हैं कि जब खतरा स्पष्ट था तो समय रहते मरम्मत क्यों नहीं करवाई गई? क्या नगर निगम प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अधिकारी किसी बड़े हादसे और जनहानि का इंतजार कर रहे थे? बड़ा सवाल यह भी है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च हुए करोड़ों रुपए आखिर कहां लगे?

# निगम की लापरवाही से लोगों की जान दांव पर : गिरिराज खंडेलवाल



**जयपुर** (कासं)। नगर निगम जयपुर में नेता प्रतिपक्ष रहे गिरिराज खंडेलवाल ने अजमेरी गेट स्थित नेहरू बाजार में बरामदों की छत गिरने की घटना पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि, इसे किसी भी सूरत में दुर्घटना नहीं कहा जा सकता, यह नगर निगम जयपुर की वर्षों से चली आ रही लापरवाही, उदासीनता और गैर-जिम्मेदार कार्यप्रणाली का खतरनाक परिणाम है। उन्होंने कहा कि दुकान नंबर 174 से 177 तक के बारामदों का अचानक धराशायी हो जाना इस बात का प्रमाण है कि नगर निगम ने समय रहते चेतावनियों को नज़रअंदाज़ किया। व्यापारियों द्वारा लगातार शिकायतें, बारामदों में साफ दिखाई दे रही दरारें, पानी निकासी की बदहाल व्यवस्था और जर्जर संरचना- इन सबके बावजूद प्रशासन ने केवल औपचारिकता निभाई।

खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों ने करीब 15 दिन पहले ही नगर निगम को खतरे से अवगत करा दिया था। उसके बावजूद भी मौके पर सिर्फ बैरिकेडिंग और लकड़ी की बल्लियाँ लगाकर झूठा सुरक्षा कवच खड़ा कर दिया गया। क्या यह नगर निगम की जिम्मेदारी है कि वह जनता की जान को दांव पर लगाकर सिर्फ दिखावटी कदम उठाए?

खंडेलवाल ने कहा कि चारदीवारी क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी पुराने बाजार लोहे के कमजोर पिलरों, सड़ चुके नालों और रिसते पानी के भरोसे खड़े है। उन्होंने माँग उठाई है की पूरे चारदीवारी क्षेत्र के बाजारों और बारामदों का तत्काल तकनीकी व संरचनात्मक ऑडिट कराया जाए। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो।

# स्थापना दिवस पर कांग्रेस की विचार गोष्ठी

**जयपुर।** राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन झालाना स्थित आर.आई.सी. सेंटर में किया गया। यह गोष्ठी राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल पारीक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका, उसकी रीति-नीति और मूल विचारधारा को आज के दौर में जन-जन तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति पर विचार करना रहा।

अनिल पारीक ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जिसने देश को आज़ादी दिलाई, संविधान दिया और लोकतंत्र की नींव रखी। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर संकट आया, कांग्रेस ने आगे बढ़कर राष्ट्रहित में नेतृत्व किया।

आज भी कांग्रेस की विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की रक्षा के लिए सबसे प्रासंगिक है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास त्याग, संघर्ष और सेवा से भरा हुआ है। आज आवश्यकता है कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ा जाए। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस प्रवक्ता तरुण भारती ने अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# अन्नदाता हुंकार रैली में 30 को जुटेंगे प्रदेश के किसान

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में 30 दिसंबर को अन्नदाता हुंकार रैली निकाली जायेगी। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का कहना है कि प्रदेशभर के किसान इस रैली में शामिल होने के लिए जयपुर के 22 गोदाम क्षेत्र में एकत्रित होंगे। रैली की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

कार्यक्रम संयोजक एवं किसान महापंचायत के युवा प्रदेश महामंत्री पिंटू यादव एडवोकेट ने बताया कि हमारी मांग है कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा और सरकारी खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए। किसानों को कृषि उत्पादों के लागत के समान भी दाम नहीं मिलने, प्राकृतिक आपदा से फसले नष्ट होने के उपरांत भी सहायत अनुदान से वंचित रखने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से प्रीमियम वसूलने के बाद भी क्लेम राशि प्राप्त नहीं होने, अनुज्ञधारी व्यापारी द्वारा खरीद के उपरांत भी किसानों को उनकी उपज के दामों के भुगतान प्राप्त नहीं होने, निराश्रित पशु एवं सूअर जैसे जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा के समुचित उपाय नहीं करने, ग्राम उद्योगों को प्रोत्साहन नहीं देने, सिंचाई परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता पर नहीं रखने एवं अधिग्रहण के कारण विस्थापितो को विधि सम्मत उचित प्रतिकर, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से वंचित करने जैसे विषयों के लिए 30 दिसंबर को जयपुर में अन्नदाता हुंकार रैली होगी।


# भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई आज से पुन: शुरू

**जयपुर ।** भाजपा सरकार सुशासन के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के चलते भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में अस्थायी रूप से स्थगित की गई कार्यकर्ता सुनवाई सोमवार से पुनः प्रारंभ होगी।


यह कार्यकर्ता सुनवाई सोमवार से नियमित रूप से सप्ताह में तीन दिन आयोजित की जाएगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने बताया कि सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई आयोजित की जाएगी। जबकि जनसुनवाई मंत्रियों के आवास पर पूर्व की भांति सुचारू रूप से जारी रहेगी। पारीक ने बताया कि सोमवार को आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई में राज्य सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत एवं विजय चौधरी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। वहीं संगठन की ओर से भाजपा प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह एवं नारायण मीणा कार्यकर्ता सुनवाई में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता सुनवाई का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को सीधे संगठन और सरकार तक पहुंचाना है, जिससे उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# शीतकालीन अवकाश में पर्यटकों से गुलजार हुई गुलाबी नगरी

## रविवार को जयपुर पहुंचे एक लाख से ज्यादा सैलानी, पर्यटक स्थलों पर रही भारी भीड़



राजधानी जयपुर के हवामहल पर रविवार को पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां सैलानियों ने ना सिर्फ जयपुर की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद किया, बल्कि यहां सेल्फी भी ली। फोटो-राष्ट्रदूत



नववर्ष से पहले सैलानियों से गुजलार हुए जयपुर की सड़कों पर इन दिनों भारी ट्रैफिक जाम के हालात बने हुए है। परकोटे में पर्यटन स्थलों के आसपास हालात यह है कि सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलने के लिए भी जगह नहीं मिल रही। फोटो-राष्ट्रदूत

- **राजधानी की सड़कों पर दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी**
- **पर्यटन स्थलों पर लगाए अतिरिक्त होमगार्ड**

**जयपुर** (कासं)। शीतकालीन अवकाश के चलते गुलाबी नगरी इन दिनों सैलानियों से गुलजार है। रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक जयपुर शहर के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर घूमने के लिए पहुंच रहे है। रविवार को करीब एक लाख पर्यटक जयपुर पहुंचे। विश्व प्रसिद्ध आमेर महल, हवा महल, अल्बर्ट हॉल, जंतर मंतर, नाहरगढ़ फोर्ट, जयगढ़ फोर्ट, जल महल, झालाना लेपर्ड सफारी, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ रहा है। रविवार को शहर की सड़कों पर भी पर्यटक वाहनों की लंबी कतारें नजर आई।

वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश शर्मा के मुताबिक जयपुर में आमेर महल, हवा महल, नाहरगढ़ फोर्ट, जयगढ़ फोर्ट, अल्बर्ट हॉल, सिटी पैलेस, जल महल समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। सैलानियो ने किले-महलों की सुंदरता और स्थापत्य कला की खूब तारीफ की। जयपुर के आमेर महल में सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे है। रविवार को एक दिन में करीब एक लाख पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे। आमेर रोड पर दिनभर पर्यटक वाहनों की कतारें लगी नजर आयी।

सैलानियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो, इसको ध्यान में रखते हुए सभी पर्यटक स्थलों पर अतिरिक्त होमगार्ड लगाए गए है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है।

आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक के मुताबिक रविवार को आमेर महल में करीब 18 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। हवा महल अधीक्षक सरोजिनी चंचलानी के मुताबिक हवा महल में 15500 से अधिक पर्यटक पहुंचे। नाहरगढ़ अधीक्षक सोहनलाल चौधरी के मुताबिक नाहरगढ़ किले पर करीब 10 हजार से अधिक पर्यटक, अल्बर्ट हॉल अधीक्षक महेंद्र कुमार के मुताबिक बुधवार को अल्बर्ट हॉल में 9000 से अधिक पर्यटक, जंतर मंतर अधीक्षक प्रतिभा यादव के मुताबिक जंतर मंतर में 13500 से अधिक पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे। इसके अलावा जयगढ़ फोर्ट, सिटी पैलेस, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल, हाथी गांव पार्क समेत विभिन्न पर्यटक स्थलों पर भी हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे।

**लॉयन व लेपर्ड सफारी की बुकिंग फुल :** नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क समेत झालाना लेपर्ड सफारी, आमागढ़ लेपर्ड सफारी, नाहरगढ़ लायन सफारी, नाहरगढ़ टाइगर सफारी में भी काफी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। झालाना और आमागढ़ लेपर्ड सफारी के लिए बुकिंग फुल चल रही है। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों की अठखेलियां और प्राकृतिक जगह ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। पर्यटकों ने यहां वन्यजीवों की अठखेलियो को अपने कैमरों में कैद किया।

# 'हमारी युवा शक्ति के कारण दुनिया को भारत से उम्मीद'




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को निज निवास पर आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "मन की बात" कार्यक्रम की 129वीं कड़ी को सुना।

- **'मन की बात' देश की उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर : मुख्यमंत्री**

**जयपुर** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 129वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। वर्ष 2025 में इस कार्यक्रम की यह अंतिम कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वर्ष 2025 में देश को विभिन्न क्षेत्रों में मिली उपलब्धियों और सफलताओं का जिक्र करते हुए उम्मीद जताई कि वर्ष 2026 विकसित भारत के संकल्प की सिद्धी में महत्वपूर्ण पड़ावा साबित होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश ने वर्ष 2025 में अंतरिक्ष, विज्ञान, तकनीक, खेल, पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन और अयोध्या मंदिर में ऐतिहासिक ध्वजारोहण ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया। वर्ष 2026 में देश नई उम्मीदों और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। हमारी युवा शक्ति के कारण पूरी दुनिया को भारत से बहुत आशाएं हैं। युवा अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मक सुझावों से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में मणिपुर में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली समस्या के समाधान, बांस से तैयार हैंडीक्राफ्ट उत्पादों तथा फूलों की खेती के माध्यम से महिलाओं के आत्मनिर्भर होने की भी चर्चा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और कच्छ रणोत्सव का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले माह देश 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। देश की आजादी में अनेकों लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया जो उन्हें मिलना चाहिए था। ओडिशा की पार्वती गिरि ऐसी ही एक स्वतंत्रता सैनानी थी, जिन्होंने आजादी आंदोलन में हिस्सा लेने के साथ ही अनाथालयों की स्थापना के माध्यम से समाज सेवा भी की। मोदी ने निमोनिया जैसी बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर साबित होने पर चिंता जताते हुए चिकित्सकीय परामर्श के बिना इनके इस्तेमाल से बचने की सलाह दी। उन्होंने व्यायाम को दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल कर सेहतमंद रहने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2025 में राजस्थान सहित सम्पूर्ण देश ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की प्रगति का सफर हमसे साझा करते हैं। यह कार्यक्रम देश की उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन में फर्जीवाड़ा, अलवर जिले के 19 इंजीनियर जांच के घेरे में

## जेजेएम के टेंडरों में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने के मामले में जलदाय विभाग ने सख्ती बढ़ाई

- **वर्ष 2020-21 और 2023-24 के टेंडर प्रकरण की जांच तेज होने के साथ ही अलवर जिले के 19 एईएन और जेईएन की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजी**
- **पूरे प्रदेश में 139 अधिकारी-कर्मचारी इस जांच की जद में हैं और विभाग आगामी दिनों में बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है**

**अलवर,** (निसं)। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के टेंडरों में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने के मामले में जलदाय विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। वर्ष 2020-21 और 2023-24 के टेंडर प्रकरण की जांच तेज होने के साथ ही अलवर जिले के 19 एईएन और जेईएन की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजी गई है। पूरे प्रदेश में 139 अधिकारी-कर्मचारी इस जांच की जद में हैं और विभाग आगामी दिनों में बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।

वर्ष 2023-24 में फर्मों द्वारा जमा कराए गए अनुभव प्रमाण पत्रों में गड़बड़ी सामने आने पर जांच शुरू हुई, जिसके बाद पुराने यानी 2020-21 में हुए कार्यों की भी फाइलें खोली गई। कई स्थानों पर कार्यों को बिना भौतिक रूप से पूरा किए कागजों में पूर्ण दिखाने के मामले सामने आए। वहीं, अधिकारियों की चार्जशीट तैयार की जा रही है और उच्च स्तर पर तीन से चार दौर की बैठकें हो चुकी हैं, हालांकि अभी किसी को आधिकारिक रूप से दोषी नहीं माना गया है।

जांच के दौरान टेंडर अनियमितता में संलिप्तता मिलने पर तीन निजी फर्मों को विभाग ने डिबार कर दिया है। वहीं, 119 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। अधिकारियों-कर्मचारियों और फर्मों की मिलीभगत को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए हैं। विभागीय स्तर पर निलंबन, विभागीय दंड और वित्तीय रिकवरी जैसे कदम उठाने की तैयारी है। वही जलदाय विभाग ने टेंडर प्रक्रिया में सतर्कता बढ़ा दी है। अब किसी भी नए टेंडर में तकनीकी स्वीकृति, कार्यादेश और भुगतान से लेकर स्थल निरीक्षण तक हर चरण में सख्त मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि लापरवाही या नियमों से समझौता करने पर तुरंत कार्रवाई होगी।

# नोखा में एक ही रात में चार घरों के ताले टूटे

- **पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली**

**नोखा,** (निसं)। यहां रोड़ा गांव में एक ही रात में चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाया। रविवार सुबह ग्रामीणों को चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। हालांकि, तब तक अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे।

रोड़ा सरपंच प्रतिनिधि ऋषि राज सिंह ने बताया कि शनिवार रात चोर गांव में घुसे थे। उन्होंने पांच मकानों में चोरी होने की पुष्टि की है। एक साथ इतनी चोरियों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। चोरों ने कमल बागड़ी, रामचंद्र बिहानी और चेतन मेघवाल सहित अन्य ग्रामीणों के घरों को निशाना बनाया। उन्होंने मकानों के ताले तोड़े, अलमारियां और संदूक खंगाले और उनमें रखा कीमती सामान चुराकर ले गए। ग्रामीणों के अनुसार, रोड़ा गांव में चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इससे पूर्व भी गांव और आसपास के क्षेत्रों में लाखों रुपए की चोरियां हुई हैं। केशुपुरा क्षेत्र में 20 लाख रुपए से अधिक की चोरी का मामला आज तक अनसुलझा है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

# बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**नापासर,** (निसं)। रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक हादसा हो गया। इसमें सीथल निवासी 64 वर्षीय मदाराम पुत्र गंगाराम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नापासर थाने के एएसआई कविंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में यह हादसा रेलवे लाइन पार करते समय हुआ प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नापासर उप जिला अस्पताल भिजवाया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

# पीबीएम अस्पताल में बच्चे को बेड नहीं मिलने पर रेजिडेंट से मारपीट

- **रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की**

**बीकानेर,** (निसं)। पीबीएम बच्चा अस्पताल में देर रात एक बालिका को बेड नहीं मिलने की बात पर खूब हंगामा हुआ। परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात रेजिडेंट डॉक्टर के साथ मारपीट की और मरीज के साथ उसकी मेडिकल फाइल भी ले गए। इस मुद्दे पर गुस्साए रेजिडेंट डॉक्टर्स एक बार हड़ताल पर जाने को तैयार हो गए थे। वरिष्ठ चिकित्सकों के समझाने पर माने। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने एसपी मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य से आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार घटना रात 11 बजे बाद की है। मुक्ता प्रसाद के चार लोग 13 साल की बच्ची को लेकर इमरजेंसी में आए थे। ड्यूटी पर तैनात रेजिडेंट डॉक्टर विकास ने बच्ची को देखा और भर्ती कर लिया। वार्ड में सभी 40 बेड भरे हुए थे। ज्यादातर बेड पर दो-दो बच्चों को लिटा रखा था। परिजनों ने अलग बेड की मांग की, जिस पर डॉक्टर ने असमर्थता जाहिर कर दी। इस बात को लेकर गर्मा-गर्मी हो गई। परिजनों का कहना था कि जब बेड खाली ही नहीं है तो मरीज को भर्ती क्यों किया। डॉक्टर ने समझाने का प्रयास किया तो बात मारपीट तक जा पहुंची। एक महिला ने डॉक्टर पर हाथ उठा लिया और कॉलर पकड़ ली। दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। वार्ड में भर्ती अन्य बीमार बच्चे और उनके परिजन दहशत में आ गए। स्टाफ के अन्य लोगों को आते देख बच्ची को लेकर चले गए। डॉक्टरों का कहना है कि वे महिला रेजिडेंट डॉक्टर के हाथ से मरीज की मेडिकल फाइल भी छीन ले गए।

डॉक्टरों ने घटना की सूचना देर रात पुलिस चौकी पर दे दी। अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा के इंतजाम करने सहित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने एसपी ऑफिस में भी ज्ञापन दिया है।

पीबीएम में डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच आए दिन विवाद होता है। बच्चा अस्पताल में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। कहने को कैंपस में 250 सुरक्षा गार्ड हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं के दौरान दूर खड़े तमाशा देखते हैं। बच्चा अस्पताल में रात के समय चार गार्ड रहते हैं। पुरुषों के अंदर जाने पर रोक है। केवल महिलाओं को ही प्रवेश दिया जाता है। उसके बाद भी रात को बच्ची के साथ एक महिला के अलावा तीन पुरुषों को रोका नहीं गया। यह भी पता चला है कि बच्ची के परिजन भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का नाम बार-बार ले रहे थे।

बुखार, सर्दी, जुकाम, खांसी यानी वायरल के प्रकोप बढ़ने के कारण बच्चा अस्पताल के आउटडोर में इन दिनों रोज करीब 800 मरीज आ रहे हैं। चार यूनिट हैं। हर यूनिट में 40 बेड हैं। सभी फुल रहते हैं। एक बेड पर दो-दो बच्चों को सुलाना पड़ रहा है। इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है।

कार्यवाहक एचओडी डॉ. मुकेश बेनीवाल का कहना है कि इन दिनों मरीज ज्यादा आ रहे हैं। बच्ची के परिजनों को स्थिति बताने के साथ ही रेजिडेंट ने कहा था कि एक बार बेड शेयर कर लें। इलाज शुरू होने के बाद दूसरी जगह शिफ्ट कर देंगे, लेकिन परिजन नहीं माने और मारपीट पर उतारू हो गए। सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

डॉ. संजीव बुरी, कार्यवाहक अधीक्षक, पीबीएम बीकानेर का कहना है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक है। ऐसे में परिजनों को संयम रखना चाहिए। बच्चा अस्पताल की घटना की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी।

# जेएलएन मेडिकल कॉलेज में एक साथ दिखे 1965 से 2025 बैच के डॉक्टर्स

## अजमेर जेएलएन मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का दूसरा दिन सुनहरी यादों के नाम रहा

- **सांस्कृतिक संध्या में डॉक्टर्स ने गीतों और नृत्य पर जमकर धमाल मचाया**

**अजमेर,** (निसं)। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का दूसरा दिन सुनहरी यादों और नए जोश के नाम रहा। समारोह में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिला, जब सन 1965 के वरिष्ठ चिकित्सकों से लेकर 2025 बैच के भावी डॉक्टर्स एक साथ कदम से कदम मिलाकर चले।

समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत भव्य परेड के साथ हुई। इसमें कॉलेज के 1965 बैच के पूर्व छात्रों से लेकर वर्तमान 2025 बैच तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। छह दशकों के इस सफर को एक साथ परेड करते देख वहां मौजूद हर व्यक्ति ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम की प्रशंसा की। वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुभव और युवाओं के जोश का यह मिलन वास्तव में देखने लायक था। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की नींव मजबूत करने और इसे ऊंचाइयों तक ले जाने वाले अब तक के सभी प्राचार्यों को मंच पर सम्मानित किया गया। उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। दिनभर के कार्यक्रमों के बाद शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। अस्पताल और मरीजों के बीच गंभीर रहने वाले डॉक्टर्स यहाँ बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आए। डॉक्टर्स ने पुराने और नए नग्मों पर जमकर नृत्य किया और गायन का आनंद लिया। इस रंगारंग कार्यक्रम ने हीरक जयंती की रौनक को दोगुना कर दिया।

# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह

## अवकाश होने के चलते शहरवासी मेला देखने उमड़े

- **पांडाल के बाहर सियाचिन ग्लेशियर बॉर्डर पर सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने वाली झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रामलीला मैदान में आयोजित हो रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 को लेकर पिछले चार दिनों में उत्साह नजर आया। शनिवार और रविवार को अवकाश होने के चलते शहरवासी मेले को देखने उमड़ पड़े और देर शाम तक पूरे मेले में भारी भीड़ नजर आई।

मेला मुख्य संयोजक महावीर चौपड़ा ने बताया कि मेले की नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती की ओर से इस बार मेले को आकर्षक बनाने के लिए कई नवाचार किए गए और आमजन को यह सभी नवाचार काफी पसंद आ रहे हैं। मेले में प्रवेश द्वार के पास हस्तशिल्प उत्पादों से सजी विशेष स्टॉल्स दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है तो वहीं सेंटल पांडाल के बाहर सियाचिन ग्लेशियर बॉर्डर पर सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने वाली झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही।

लघु उद्योग भारती के प्रांत महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई ने बताया कि मेले में विशेष रूप से स्थापित बोइंग विमान, ब्रह्मोस मिसाइल , एस 400 की प्रतिकृति भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। सेंट्रल पंडाल में जोधपुर शहर के सभी औद्योगिक इकाइयों के बेहतरीन उत्पादों की प्रदर्शनी सजाई गई है और यह सेंट्रल पंडाल मेला देखने के लिए आने वाले लोगों को काफी पसंद आ रहा है, साथ ही उन्हें कई नवीन जानकारियां भी मिल रही है। मेले में जबरदस्त भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने भी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाए रखा।

मेले में आने वाले लोगों के लिए बनाया गया फूड जोन और किड्स जॉन भी शनिवार और रविवार को पूरी तरह से पैक नजर आया। मेले में आने वाले बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किड्स जोन देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए। मेले में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए झूले लगाए गए हैं। वही फूड जोन में भी रविवार को खासी भीड़ नजर आई। मेला घूमने के बाद परिवार के साथ आए लोगों ने यहां के स्वादिष्ट और व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के तहत लघु उद्योग भारती महिला इकाई की से प्रतिदिन आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताओ की श्रृंखला में रविवार को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से रेखांकित किया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्रिंसिपल लबीना कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रही।

# उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से श्रीगंगानगर में ठंड का असर दिखा

## घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही

- **मौसम विभाग ने दो दिन में हल्की बारिश व बूंदाबांदी की संभावना जताई**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण श्रीगंगानगर जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। जिलेभर में रविवार को घने कोहरे के साथ तेज ठंड का कहर रहा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही।

मौसम रडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि इससे पहले शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री व अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री रिकार्ड किया गया था। वहीं कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो गई है और लोग हेडलाइट जलाकर वाहन चला रहे हैं।

मौसम विभाग ने अगले 2 दिन श्रीगंगानगर जिले में हल्की बारिश व बूंदाबांदी की संभावना जताई है। बारिश के बाद ठंड और बढ़ जाएगी और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम ड्राई रहने के कारण शनिवार को भी क्षेत्र में तेज ठंड रही।

# ट्रेनों में अस्थाई अतिरिक्त डिब्बों की बढ़ोतरी

**जोधपुर,** (कासं)। नव वर्ष एवं त्योहारी सीजन के दौरान बढ़े हुए यात्री यातायात को देखते हुए रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर मंडल से चलने एवं गुजरने वाली 10 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त डिब्बे लगाए जा रहे हैं। यह व्यवस्था 1 से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस अवधि में रणकपुर, इंटरसिटी, इंदौर, रणथंबोर, मरुधर, दादर, साबरमती, जैसलमेर एवं हमसफर सहित विभिन्न ट्रेनों में एसी थ्री टियर, स्लीपर तथा जनरल श्रेणी के अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे जिससे प्रतीक्षा सूची व जनरल टिकट वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

# महाराणा प्रताप राज्यारोहण दिवस शिविरा पंचांग में शामिल

- **28 फरवरी को महाराणा प्रताप राज्यारोहण दिवस विद्यालय स्तर पर मनाने के निर्देश जारी किए गए**

**चित्तौड़गढ़/जयपुर,** (कासं)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के आग्रह पर राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राष्ट्रगौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के राज्यारोहण दिवस को शिविरा पंचांग में शामिल कर लिया है। यह घोषणा रविवार को चितौड़गढ़ आयोजित राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव के समापन समारोह के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंच से की। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि सांसद सीपी जोशी द्वारा इस संबंध में पत्र लिखकर आग्रह किया गया था, जिस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए शिक्षा विभाग ने परंपरा के अनुरूप 28 फरवरी को महाराणा प्रताप राज्यारोहण दिवस विद्यालय स्तर पर मनाने के निर्देश जारी किए हैं। सांसद सीपी जोशी ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया।

# एमडीएस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु को फोन पर धमकी, मामला दर्ज

- **आरोप है कि कुलगुरु पर नियम विरुद्ध एडमिशन का दबाव बनाया, अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया**

**अजमेर,** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल को एक निजी कॉलेज संचालक के नाम से फोन कर धमकाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुलगुरु पर नियम विरुद्ध एडमिशन का दबाव बनाया, अभद्र व अपमानजनक भाषा का प्रयोग भी किया। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सिविल लाइन थाना पुलिस लिखित शिकायत देते हुए धमकी देने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी शंभूसिंह ने बताया कि एमडीएस यूनिवर्सिटी के सब रजिस्ट्रार कैलाश चंद्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि निवाई टोंक के अभिषेक महाविद्यालय दतवास प्राइवेट कॉलेज के डायरेक्टर राजेश गुर्जर के कहने पर सांगानेर जयपुर निवासी दातार सिंह ने कॉल किया। कुलगुरु को कॉलेज से जुड़े एक विषय में सिफारिश करने का दबाव बनाया गया, जब कुलपति नहीं माने तो उनसे अभद्रता की। कुलगुरु को बार-बार कॉल किए गए और लेकिन प्रो. अग्रवाल ने रिसीव नहीं किए। रिपोर्ट के आधार पर राजकार्य में बाधा डालने पर पुलिस ने जयपुर निवासी आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एसआई भीम सिंह को सौंपी है।

# रिटायर्ड जस्टिस लोढ़ा ने पाली में प्रदूषण देख नाराजगी जताई

## सेवानिवृत्त जस्टिस संगीत लोढ़ा अपनी टीम के साथ बांडी नदी में मास्क लगाकर उतरे



**हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज संगीत लोढ़ा ने पाली में प्रदूषण की स्थिति जांची।**

**पाली,** (निसं)। सुप्रीम कोर्ट की उच्च स्तरीय कमेटी ने रविवार को भी पाली के प्रदूषण की स्थिति जांची। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज संगीत लोढ़ा ने प्रदूषण की भयावह हालत को देखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने गंभीर टिप्पणी करते हुए पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया।

सेवानिवृत्त जस्टिस संगीत लोढ़ा अपनी टीम के साथ बांडी नदी में मास्क लगाकर उतरे। उन्होंने दूसरे दिन भी पाली में ही कैंप कर ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी1-2, 3 और 6) का जायजा लिया। लोढ़ा के निर्देश पर टीम ने जगह-जगह रंगीन जहरीले पानी के सैंपल लिए। जस्टिस लोढ़ा ने सीईटीपी को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने नेहड़ा बांध को देखकर कहा कि बांध की ऐसी हालत कर दी आपने, इस पानी को देखकर लगता है कि किसान सही कह रहे हैं। इंडस्ट्री चलानी है तो नदी बचाओ। सुबह सवा दस बजे शुरू हुआ निरीक्षण शाम तक चला।

जस्टिस लोढ़ा ने सबसे पहले रोटरी क्लब के पास बांडी नदी देखी, फिर मंडिया रोड सीईटीपी 1-2 के पीछे जाकर नदी में उतरे। यहां अपशिष्ट और कचरे के ढेर देखकर गुस्से में बोले। उन्होंने कहा कि कभी नेहड़ा बांध जाकर स्थिति देखी है। मैं पूरा बेल्ट घूमकर आया हूं। सब पता है क्या चल रहा है। ऐसी स्थिति में कैसे चलेगी इंडस्ट्री। किसान वागाराम विश्नोई, नाथू दान, हनुमान पटेल आदि ने आरोप लगाया कि कई फैक्ट्रियां अभी भी अवैध पाइप से रंगीन पानी सीधे नदी में छोड़ रही हैं। जस्टिस लोढ़ा ने जिला कलैक्टर एलएन मंत्री से कहा कि वर्तमान स्थिति देखकर बताओ, कैसे चल सकती है इंडस्ट्री। यह केमिकल युक्त कचरा यहां क्यों पड़ा है, आप जिम्मेदार हो, फिर क्या करते हो। पूनायता औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी-6 के पास स्लज का ढेर देखा तो फिर नाराजगी जताई व कहा कि इसका निपटारा कैसे करोगे, अधिकारियों से सीधा सवाल किया।

# लालगढ़-फलोदी रेलखंड पर ट्रेनों की अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटा करने की तैयारी

- **लालगढ़-फलोदी रेलखंड को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया**
- **रेलखंड खंड पर जारी तकनीकी नवीनीकरण और ट्रैक मेंटेनेंस के बाद अब ट्रेनों की अधिकतम गति बढ़ाने की तैयारी**

**बीकानेर,** (निसं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे जोन की ओर से लालगढ़-फलोदी रेलखंड को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इस खंड पर जारी तकनीकी नवीनीकरण और ट्रैक मेंटेनेंस के बाद अब ट्रेनों की अधिकतम गति 110 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटे करने की तैयारी है। रेलवे के इस कदम से न केवल यात्रियों का सफर समय घटेगा, बल्कि इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

कोलायत रेलवे स्टेशन के पास बड़े स्तर पर ट्रैक मेंटेनेंस कार्य किया गया। वर्तमान में लालगढ़-फलोदी खंड पर ट्रेनों की औसत गति करीब 80 किमी प्रति घंटे रहती है, लेकिन ट्रैक, स्लीपर, बैलास्ट और अलाइनमेंट के अपग्रेड के बाद इस सेक्शन को हाई स्पीड ऑपरेशन के योग्य बनाया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद भविष्य में इस रूट पर 150 किमी प्रति घंटे तक की गति की संभावना भी तलाशी जा रही है।

कोलायत रेलवे मेट सत्यपाल बकोलिया ने बताया कि लालगढ़-फलोदी गाड़ियों की स्पीड बढ़ने से ट्रेनों की रनिंग ज्यादा स्मूथ और शार्प होगी। इससे यात्रा समय में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम टीडब्लूयूएस पॉइंटिंग एंड क्रॉसिंग के नवीनीकरण से मेंटेनेंस की लागत और समय दोनों की बचत होगी। रेलवे मंडल की योजना है कि पूरे भारत में इसी तरह का आधुनिकीकरण किया जाए, ताकि प्रमुख रूट्स पर अतिरिक्त और तेज ट्रेनें चलाई जा सकें।

लालगढ़-फलोदी रेलखंड पश्चिमी राजस्थान का महत्वपूर्ण मार्ग है, जो बीकानेर को जैसलमेर और जोधपुर की दिशा से जोड़ता है। इस रूट पर गति बढ़ने से न केवल यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी। रेलवे का यह तकनीकी उन्नयन संकेत देता है कि आने वाले समय में कोलायत क्षेत्र रेल नेटवर्क के लिहाज से और मजबूत बनने जा रहा है। फिलहाल पंडौल सहित अन्य स्थानों पर ट्रैक अपग्रेडेशन का काम जारी है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार सभी तकनीकी मानकों और ट्रायल पूरे होने के बाद ही नई अधिकतम गति को औपचारिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा। रेलवे का यह कदम लालगढ़-फलोदी रेलखंड को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल माना जा रहा है। इस समय लालगढ़-फलोदी खंड पर ट्रैक की मजबूती बढ़ाने के लिए बैलास्ट की सफाई, स्लीपर अपग्रेडेशन और अलाइनमेंट सुधार जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही टीडब्लूयूएस पॉइंटिंग एंड क्रॉसिंग नवीनीकरण भी किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों की रनिंग और ज्यादा सुरक्षित और स्मूथ होगी। मेंटेनेंस पूरा होने के बाद ट्रैक पर कंपन कम होगा और उच्च गति पर भी स्थिरता बनी रहेगी। स्पीड बढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यात्रियों को मिलेगा। ट्रेनों का यात्रा समय कम होगा, जिससे बीकानेर, कोलायत और फलोदी के बीच आवागमन और अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। साथ ही इस सेक्शन पर अतिरिक्त ट्रेनों और इंटरसिटी जैसी तेज ट्रेनों के टाइम टेबल को और आकर्षक बनाने की संभावना भी बढ़ेगी।

टीडब्लूयूएस पॉइंटिंग एंड क्रॉसिंग नवीनीकरण के दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर किशन लाल, सहायक मंडल इंजीनियर जितेंद्र ओसवाल सहित कई रेलवे कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# अस्पतालों में दवा व जाँचों की नियमित मॉनिटरिंग करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

जयपुर, 28 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रही है तथा विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवा एवं जांचों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, उन्होंने 108 एंबुलेंस, 104 जननी एक्सप्रेस तथा ममता एक्सप्रेस सेवाओं के सुगम्य संचालन के संबंध में भी

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 108 एम्बुलैंस, 104 जननी एक्सप्रेस तथा ममता एक्सप्रेस सेवाओं के सुगम्य संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।**

दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने विभाग की योजनाओं में अनियमितता एवं दुरूपयोग के विरूद्ध कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने राजकीय विद्यालयों में चलाए जा रहे नेत्र जांच शिविरों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभागवार इन शिविरों का आयोजन किया जाए तथा जरूरतमंद स्कूली छात्र-छात्राओं को चश्मे उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।*

# श्री जगन्नाथ मंदिर के आभूषणों की गणना रथयात्रा से पहले पूरी होगी

पुरी, 27 दिसंबर। श्री जगन्नाथ मंदिर के खजाने की सूची बनाने का कार्य वर्ष 2026 की वार्षिक रथ यात्रा से पहले पूरा होने की संभावना है। मंदिर के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ ी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाढ ी ने पूर्व न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में शनिवार को हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक के बाद बताया कि खजाने के आभूषणों की गणना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से अनुमोदित जौहरियों की उपस्थिति में तीन चरणों में की जाएगी। बैठक में मंदिर की संपत्ति की नई सूची तैयार करने के लिए रत्न भंडार उप-समिति की ओर से तैयार ग्यारह पन्नों की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर चर्चा की गई। प्रथम चरण में दैनिक अनुष्ठानों में उपयोग होने वाले आभूषणों की गणना की जाएगी, इसके बाद बाहरी रत्न भंडार और फिर भीतरी रत्न भंडार के आभूषणों की गणना की जाएगी।

# कॉलेज छात्र ने 12वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या की

## मूलतः बिहार का रहने वाला छात्र नकल करते हुए पकड़े जाने पर अवसाद में था

जयपुर, 28 दिसम्बर। बगरु थाना इलाके में नकल करते पकड़े जाने के अवसाद में एक कॉलेज छात्र ने 12वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। कॉलेज छात्र ने आत्महत्या पॉईंट पर जाने के लिए स्कूटी किराए पर ली और कॉलेज से 5 किलोमीटर दूर निर्माणाधीन बिल्डिंग से नीचे छलांग लगा दी। बिल्डिंग में काम कर रहे मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी अस्पताल के मुर्दाघर में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मृतक छात्र की शिनाख्त 12वीं मंजिल पर दीवार पर रखे उसके बैग और मोबाइल फोन से हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक छात्र के परिजनों को दी और परिजनों के आने

- **निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत पर छात्र के बैग तथा मोबाइल फोन से उसकी पहचान हुई।**

के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थानाधिकारी राजेंद्र कुमार गोदारा ने बताया कि प्रियांशु राज (19) पुत्र प्रभात कुमार मूलतः बिहार के पटना का रहने वाला था और 6 महीने पहले ही मणिपाल यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया था। प्रियांशु राज कॉलेज के हॉस्टल में रहकर कम्प्यूटर साइंस फर्स्ट ईयर में पढ़ाई कर रहा था।

फर्स्ट सेमेस्टर में एक सब्जेक्ट में प्रियांशु राज के बैक लग गई थी। शुक्रवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक उनकी बैक पेपर की परीक्षा थी। परीक्षा में चीटिंग के लिए प्रियांशु पर्चियां लेकर गया था। .

लेकिन नकल करते समय प्रियांशु पकड़ा गया। टीचर ने उसकी कॉपी और पर्चियां जब्त कर ली थी और इसके बाद उसे दूसरी कॉपी दे दी थी। जिसके बाद से वो अवसाद में था।

बताया जा रहा है कि बैग दीवार पर रखने के बाद प्रियांशु ने 12वीं मंजिल से नीचे छलांग लगाई और प्रथम तल के छज्जे पर आकर गिरा। जिससे तेज धमाके की आवाज हुई। आवाज सुन बिल्डिंग में काम कर रहे मजदूर दौड़कर नीचे पहुंचे तो प्रियांशु अचेत अवस्था में पड़ा मिला।

# ताडोबा बफर ज़ोन में बाघ के हमलों से दो मजदूरों की मौत

चंद्रपुर, 28 दिसंबर। महाराष्ट्र के ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व के बफर ज़ोन में रविवार को बाघ के अलग-अलग हमलों में दो मजदूरों की मौत हो गई, जिससे स्थानीय निवासियों और मजदूरों में डर फैल गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों मजदूर बांस काटने गए थे। पीड़ितों की पहचान बुदासिंह श्यामलाल मदावी (41) और प्रेम सिंह दुखी उइके (55) के रूप में हुई है जो मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के निवासी हैं। ये मजदूर वन विभाग द्वारा बफर क्षेत्र में बांस काटने के काम के लिए तैनात किए गए थे। वन अधिकारियों के अनुसार, पहली घटना ममल रेंज के बीट नंबर 381 में हुई, जहां मदावी जंगल में काम कर रहे थे तभी उनपर बाघ ने हमला कर दिया और उनकी मौत हो गई। लगभग 45 मिनट बाद, महादावाड़ी रेंज के बीट नंबर 357 में एक अन्य मजदूर उइके पर भी बाघ ने हमला कर दिया और उनकी मौत हो गई। इन घटनाओं के बाद आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों ने बफर ज़ोन में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। और वन विभाग की ऐसे हादसों को रोकने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं। इन मौतों के साथ, इस साल क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या 46 हो गई है। निवासियों ने बाघ के हमलों की बढ़ ती घटनाओं से निपटने के लिए वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

वन अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच जारी है और प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## प.बंगाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस की इस कार्रवाई से आक्रोशित हुमायूं कबीर ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को संबोधित करते हुए कहा कि यदि उनकी पत्नी और परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, तो वे बहरमपुर को पूरी तरह ठप कर देंगे और एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे पर हमलावर रुख अपनाया है। पार्टी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि यदि कोई पुलिसकर्मी पर हाथ उठाएगा, तो कानून अपना काम जरूर करेगा।

## हिंदू भारत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिमाग का इस्तेमाल पूरी दुनिया के कल्याण के लिए कैसे किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि तकनीक आगे बढ़ ेगी। सोशल मीडिया का विस्तार होगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आएगा। सब कुछ आएगा। लेकिन तकनीक के दुष्परिणाम नहीं होंगे। तकनीक मानव जाति की मालिक नहीं बनेगी। मनुष्य ही तकनीक के मालिक बने रहेंगे।

भागवत ने कहा कि मानव बुद्धि तकनीक का इस्तेमाल दुनिया के कल्याण के लिए करेगी, न कि इसके उलट। यह कैसे होगा, इसके लिए हमें खुद अपने जीवन से उदाहरण पेश करना होगा। यह पूरे भारतीय समाज के सामने एक जिम्मेदारी है।

# कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज़ है- राहुल

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के 141वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी

नयी दिल्ली, 28 दिसंबर। कांग्रेस पार्टी रविवार को अपना 141वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं दीं।

- **अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे ने इंदिरा भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का 140 साल का गौरवशाली इतिहास सत्य, अहिंसा, बलिदान, संघर्ष व देशभक्ति की महान गाथा बनाता है।**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने इंदिरा भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा "कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। हम भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में समान अवसर में दृढ़ विश्वास रखते हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 साल का गौरवशाली इतिहास, सत्य, अहिंसा, बलिदान, संघर्ष और देशभक्ति की महान गाथा बताता है। कांग्रेस स्थापना दिवस पर हर भारतीय को मेरी शुभकामनाएं। जय हिन्द, जय कांग्रेस।"लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुभकामनाएँ देते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा "आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेस जन को हार्दिक शुभकामनाएं। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं जिन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज़ है - जो हर कमजोर, हर वंचित और हर मेहनतकश के साथ खड़ी रही है।" उन्होंने कहा" यह संकल्प है कि नफ़रत, अन्याय और तानाशाही के ख़िलाफ़ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे। जय हिंद, जय कांग्रेस।"

## दिल्ली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के साथ सबसे ज़्यादा प्रदूषित इलाकों में से एक रहा। गौरतलब है कि केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने बुधवार को प्रदूषण के स्तर में थोड़े सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज चार को हटाने का फैसला किया था, जब एक्यूआई बहुत खराब से खराब श्रेणी में आ गया था।

# जयराम रमेश ने अरावली की नई परिभाषा को विनाशकारी बताया

नयी दिल्ली,28 दिसंबर। अरावली पर्वतमाला को पुनः परिभाषित किए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से रविवार को सवाल पूछे और दावा किया कि इस कदम से अरावली सहित कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू आकृतियां नष्ट हो जाएंगी।

यादव को रविवार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि अरावली पहाड़ियों की पुनः परिभाषा को लेकर व्यापक चिंताएं होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके तहत इन्हें 100 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई वाले भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया गया है। रमेश ने कहा, क्या यह सच नहीं है कि इस नयी परिभाषा से कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू-आकृतियां नष्ट हो जाएंगी और चार राज्यों में फैली पूरी अरावली पहाड़ियों एवं पर्वतमालाओं का भौगोलिक और पारिस्थितिक स्वरूप समाप्त हो जायेगा

उल्लेखनीय है कि अरावली मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी सरकार पर आक्रामक है और इसी मसले पर यूथ कांग्रेस "अरावली बचाओ यात्रा" और एनएसयूआई भी जनवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान से दिल्ली तक साइकिल यात्रा निकालेगी।

# ज़ैलैंस्की ने अमेरिका यात्रा से पहले कैनडा के प्रधानमंत्री से मुलाकात की

## यूक्रेन के राष्ट्रपति फ्लोरिडा में ट्रंप के साथ शांति योजना पर चर्चा करेंगे

ओटावा, 28 दिसंबर। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जैलैंस्की यूक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कैनडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं।

उन्होंने शनिवार को अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कैनडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की।

प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कार्नी और जैलैंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की। कार्नी ने आश्वस्त किया कि यूक्रेन को कैनडा का पूरा समर्थन है।

- **कैनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने यूक्रेन को पूरा समर्थन देने का आश्वाश्न दिया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरुरी है कि हम मिलकर यूक्रेन की रक्षा क्षमता को मजबूत करें।**

सीबीसी न्यूज ने जैलैंस्की के हवाले से लिखा है, "आने वाले दिनों में यूक्रेन और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय स्तर पर और साथ में हमारे इच्छुक साझेदारों के गठबंधन के साथ मिलकर बहुत कुछ किया जा सकता है। यह बहुत जरूरी है कि हम मिलकर और रचनात्मक तरीके से यूक्रेन की रक्षा क्षमता को मजबूत करें। अपनी अग्रिम मोर्चे की स्थितियों को सुदृढ़ करें और बातचीत की प्रक्रिया की प्रभावशीलता को बढ़ ाने की यूक्रेन की क्षमता को और सशक्त करें।" उन्होंने कहा, "रूस आनाकानी कर रहा है और समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहा है।"

जैलैंस्की का कैनडा दौरा शुक्रवार को कार्नी से फोन पर बातचीत के बाद हुआ। प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, कार्नी ने "यूक्रेन के लोगों के लिए न्यायसंगत और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए जैलैंस्की के निरंतर प्रयासों की सराहना की और सर्दी के मौसम में रूसी आक्रमण का सामना करने के लिए यूक्रेनी लोगों के साहस की प्रशंसा की।"

## "डार्क प्रिंस" तारिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजनयिकों, खुफिया अधिकारियों और पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बाद में धीरे-धीरे यह पुष्टि की कि हवा भवन अगर मुख्य नहीं, तो समानान्तर शक्ति का केन्द्र था।

बीएनपी -जमात सरकार के गिरने और रहमान के स्व-निर्वासन के बाद, खुफिया और मीडिया रिपोर्ट्स में 'प्रिंस के शासन' की डरावनी तस्वीरें पेश की गईं, जिनमें आरोप थे कि शेख हसीना पर 2004 में हुए ग्रेनेड हमले की योजना हवा भवन में बनाई गई थी।

ये भी रिपोर्ट्स हैं कि हवा भवन असम के उल्फा अलगाववादी समूह को बंदूकें और गोला-बारूद आपूर्ति करने वाले हथियार तस्करी नेटवर्क का मुख्य केन्द्र था।

यह सब 2006 से 2008 के बीच रुक गया, एक अवधि जिसमें भारी हिंसक नागरिक विद्रोह हुआ तथा खालिदा ज़िया की बीएनपी और शेख हसीना की अवामी लीग के बीच चुनाव को लेकर संघर्ष हुआ, जो नवंबर 2006 के मध्य तक आयोजित किया जाना था, यानी बीएनपी-जमात की अवधि समाप्त होने के 90 दिनों के भीतर।

उस समय की अराजकता में एक सैन्य 'केयरटेकर' सरकार भी थी, जिसने कथित तौर पर मौलिक स्वतंत्राओं को सीमित किया और एक ऐसा राजनीतिक परिदृश्य बनाने की कोशिश की, जिसमें न तो खालिदा ज़िया का और न ही हसीना का स्थान था।

आखिरकार, यह प्रयास विफल हुआ और 2008 में एक चुनाव हुआ, जिसमें अवामी लीग जीती।

- **2008 में जेल से रिहा हुए, लंदन में इलाज के लिए। अब 17 साल के बाद वे लंदन से लौटे हैं, 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में भाग लेने के लिए, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के मुखिया के रूप में।**
- **जनता उमड़ रही थी, उनके स्वागत के लिए। माना जा रहा है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ही चुनाव जीतेगी। क्योंकि, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने से वंचित किया जा चुका है। शेख हसीना को मृत्युदंड सुनाया जा चुका है और वे भारत में निर्वासित के रूप में रह रही हैं।**
- **पर, बांग्लादेश में बेचैनी और भय भी है, रहमान के वापस आने से।**

इस बीच, रहमान को मई 2007 में केयरटेकर सरकार द्वारा गिरफ्तार किया गया और विभिन्न आरोप लगाए गए, जिनमें भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और मनी लॉण्डरिंग शामिल थे। उन्हें 17 महीने तक हिरासत में रखा गया।

इन आरोपों और अन्य आरोपों, जिनमें रहमान को "क्लैप्टोक्रैटिक" राजनीति का प्रतीक बताया गया, को बीएनपी ने सिरे से नकारा है। रहमान बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष हैंऑ।

बीएनपी हमेशा कहती रही है कि ये आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। उन्हें 2008 में इलाज के लिए लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। और 17 साल बाद, बांग्लादेश का डार्क प्रिंस घर लौट आया। उनकी वापसी उनके देश के लिए एक निर्णायक मोड़ पर हो रही है। रहमान को फरवरी 2026 के चुनाव में व्यापक रूप से प्रमुख उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। बीएनपी ने पहले ही ज़िया के लिए कागजात एकत्र कर लिए हैं, गाबताली-शाजाहानपुर के लिए, और रहमान अपनी मां की सदर सीट पर चुनाव लड़ेंगे, जिसे उन्होंने 1991 से 2018 तक संभाला था।

रहमान ने खुद को और बीएनपी को लोकतंत्र के रक्षक और चुनी हुई सरकार की वापसी के रूप में प्रस्तुत किया है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा, "केवल लोकतंत्र ही हमें बचा सकता है... और यह आप हैं, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का हर सदस्य, जो उस लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकता है।"

## पश्चिम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कांग्रेस अगर आज इस स्थिति में है तो उसकी वजह ये है कि कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया। घुसपैठियों को रोकने और तीन तलाक का विरोध किया। कांग्रेस ने 370 का विरोध किया। जो जनता को पसंद है राहुल ने हमेशा उसका विरोध किया। अमित शाह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए आगे कहा कि राहुल बाबा अभी आप थकिए मत। हार से मत थकिए अभी तो आपको और चुनाव हारना है। अमित शाह ने विपक्ष को लेकर जनता की सोच के साथ तालमेल में कमी बताते हुए कांग्रेस की जमकर आलोचना की। अमित शाह ने जोर देकर राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बार-बार चुनावों में विकास की सियासत को छोड़कर कांग्रेस कानूनी बारीकियों को प्राथमिकता देने लग जाती है जिसका परिणाम उनके सामने है। अमित शाह ने आगे कहा कि जहां बीजेपी ने विश्वास और संवेदनशील शासन के माध्यम से बार-बार जनादेश हासिल किया है वहीं कांग्रेस उसी जनता के बीच संघर्ष कर रही है क्योंकि वह उन मुद्दों से दूर है जिन्हें जनता का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त है।

## मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्तरीय अभियानों, वंदे मातरम् के इतिहास, संघ शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन, महाराणा प्रताप के शौर्य तथा रानी अब्बक्का और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष को प्रभावशाली रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वदेशी पनडुब्बी वाघशीर में यात्रा की

## मुर्मू पूर्व में वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल व सुखोई 30 में भी यात्रा कर चुकी हैं

कारवार, 28 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कर्नाटक के कारवार नौसेना अड्डे से भारतीय नौसेना की स्वदेशी कालवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में यात्रा की। उनकी इस यात्रा को भारत के नौसेना इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

राष्ट्रपति के एक्स हैंडल पर एक आधिकारिक पोस्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के साथ पश्चिमी तट का दौरा किया।

सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में राष्ट्रपति मुर्मु की पनडुब्बी में उपस्थिति ने स्वदेशीकरण एवं समुद्री सुरक्षा के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। यह पनडुब्बी यात्रा राष्ट्रपति की गोवा, कर्नाटक और झारखंड की चार दिवसीय यात्रा का हिस्सा है। पनडुब्बी शनिवार शाम को गोवा के लिए रवाना हुई थी।

सोमवार को राष्ट्रपति झारखंड के जमशेदपुर में ओल चिकी के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। उसी दिन वे जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के 15वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति मंगलवार को झारखंड के गुमला में अंतरराज्यीय जनसंस्कृति समागम समारोह, कार्तिक यात्रा को संबोधित करेंगी।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नौसेना की पनडुब्बी में यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने पहली बार पनडुब्बी में यात्रा कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया था।**

मुर्मू देश की पहली महिला राष्ट्रपति हैं जिन्होंने पनडुब्बी में यात्रा की है। उनसे पहले तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने पहली बार पनडुब्बी में यात्रा करके सैनिकों में जोश का संचार किया था।

मुर्मू ने जंगी जहाजों, राफेल और सुखोई 30 में भी उड़ान भरी है।


*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कर्नाटक के कारवार नौसेना अड्डे से स्वदेशी अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी "आईएनएस वाघशीर" में समुद्र के भीतर यात्रा की।*

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908